

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 180

ग्वालियर, सोमवार, 21 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## पंजाब आप विधायकों से वर्चुअली रूबरू हुए केजरीवाल बोले-घमंड नहीं करना, जनता गिराना भी जानती है

**चंडीगढ़।** पंजाब में जीत का परचम फहराने वाली आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को पंजाब में पार्टी विधायकों के साथ वर्चुअली रूबरू हुए। चुनावी में मिले प्रचंड बहुमत के बाद अरविंद केजरीवाल की विधायकों के साथ यह पहली बैठक थी। बैठक को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह बहुत खुश हैं और भावुक महसूस कर रहे हैं। कहा कि पंजाब के लोगों ने जो प्यार दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि पिछले तीन दिनों में भगवंत मान ने जो काम कर दिखाया वह कमाल का है। आप प्रमुख ने कहा कि एक तरफ भगवंत मान ने शपथ भी ले ली उनके द्वारा काम भी शुरू हो गए, वहीं दूसरी तरफ भाजपा जो 4 राज्यों में जीती थी उनसे सरकार तक नहीं बन पाई है। अभी उनके लड़ाई झगड़े ही चल रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के लोगों को पहली बार महसूस हो रहा है कि हर व्यक्ति सीएम है। सरकार बनते ही भगवंत मान ने किसानों का मुआवजा देना शुरू कर दिया। इससे खुशी होती है। आप प्रमुख ने कहा कि जिस तरह से मान ने एंटी करप्शन एक्शन लाइन का एलान किया उससे भ्रष्टाचार परअंकुश लगना शुरू हो गया है। 25 हजार



सरकार नौकरियों के एलान से युवाओं में आत्मविश्वास पैदा हुआ है। केजरीवाल ने कहा कि सभी विधायकों व मंत्रियों को टीम की तरह काम करना होगा। कहा कि जिनको मंत्री पद नहीं मिला वह भी मंत्री हैं। सबको मिलकर पंजाब के हित में काम करना होगा। केजरीवाल ने विधायकों व मंत्रियों को यह भी कहा कि वह चंडीगढ़ में रहने के बजाय अपने क्षेत्र में काम करें। बैठक को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने विधायकों से कहा कि वह बिना भेदभाव के काम करें। यह न सोचें कि किसने उन्हें वोट दी और किसने नहीं। मान विधायकों से कहा कि वह बदलाखोरी से काम न करें। पंजाब के लोगों ने आप को डराने के लिए नहीं, बल्कि विकास के लिए चुना है। बैठक में पार्टी के पंजाब सह प्रभारी राघव चड्ढा भी मौजूद हैं। भगवंत मान ने कहा कि किसी को डराने की जरूरत नहीं है। अगर कोई अफसर काम करने में दिक्कत महसूस कर रहा है तो उसे पूछो कि क्या कमी है। उस कमी को पूरा किया जाएगा।

मान ने कहा कि दिल्ली में हर विधायक व मंत्री का सर्वे होता है। उनको पता भी नहीं होता है कि उनका सर्वे होता। यही कारण है कि दिल्ली में कई विधायकों का टिकट कट गया था। मान ने यह कहकर विधायकों को सख्ती का संदेश भी दे दिया। सीएम ने विधायकों से कहा कि वह जनता से पक्की दोस्ती करें। भगवंत मान ने कहा कि वह विधायकों को सलाह दे रहे हैं डरा नहीं रहे हैं। मान ने कहा कि सारे विधायक मंत्री हैं।

## अंडमान-निकोबार के करीब पहुंचा चक्रवाती तूफान

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान असनी के रविवार या सोमवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तट तक पहुंचने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट के अनुसार, बंगाल की



दक्षिण पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर निम्न दबाव वाले क्षेत्र के 21 मार्च के आसपास चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। इसे देखते हुए प्रशासन द्वीपसमूह में स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर रहा है, जिसमें निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार, मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण ने बैठक में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि निकाले गए लोगों को आश्रय देने के लिए बनाए गए अस्थायी शिविरों में भोजन, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो। नारायण ने निर्देश दिया कि खराब मौसम को देखते हुए नौ-परिवहन सेवाओं को तुरंत स्थगित कर दिया जाए।

## मणिपुर में सीएम पद को लेकर भाजपा में घमासान

### आरएसएस के करीबी नेता बने तीसरा विकल्प



**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के विस चुनावों में सबसे ज्यादा सीट जीतने वाली बीजेपी अब एक और बड़ा फैसला लेने वाली है। दरअसल ये फैसला राज्य के अगले मुख्यमंत्री को लेकर होना है। ऐसे में बीजेपी के भीतर इस बात पर गहन चिंतन हो रहा होगा कि आखिर राज्य की कमान किसके हाथ में सौंपी जाए। पहले दो नामों पर खासतौर पर जिक्र हुआ, लेकिन अब सीएम पद की रेस में दिलचस्प मोड़ आता दिख रहा है। मणिपुर में मुख्यमंत्री पद के लिए आरएसएस द्वारा समर्थित तीसरा दावेदार सामने आया है। दरअसल आरएसएस समर्थित नेता युमनाम खेमचंद सिंह को बीजेपी नेतृत्व ने कल दिल्ली बुलाया था। साथ ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और शीर्ष पद के एक अन्य दावेदार बिस्वजीत सिंह को भी दिल्ली बुलाया गया। सूत्रों ने कहा कि आरएसएस समर्थित नेता बीरेन सिंह और विश्वजीत सिंह के बीच अंदरूनी कलह से बचने के लिए बीजेपी के पास तीसरे विकल्प के रूप में मौजूद है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और किरेन रिजिजू आज मणिपुर की राजधानी इंफाल जा रहे हैं।

# भारत में कोरोना की चौथी लहर की आहट, कितना कारगर होगा बूस्टर डोज!

### चीन, हॉगकॉग, साउथ कोरिया समेत यूरोप के कई देशों में कोरोना बढ़ने की खबरें

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है तीसरी लहर के सुस्त पड़ने के बाद अब चीन, हॉगकॉग, साउथ कोरिया समेत यूरोप के अन्य देशों में कोरोना के मामले में तेजी से बढ़ने की खबर आ रही है। भारत में भी चौथी लहर आने की आशंका जताई जा रही है। अगले हफ्ते से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की शुरुआत होनी है, ऐसे में बाहर से संक्रमण भारत में भी फैल सकता है। हालांकि, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक कहते हैं कि जरूरी नहीं जो दूसरे देशों में हुआ, भारत में भी वैसे ही हालात देखने को मिलें। आईसीएमआर के एडिशनल डायरेक्टर-जनरल डॉ. समिरन पांडा ने कहा, राज्यों में दी जा रही छूट जारी रखनी चाहिए। पब्लिक हेल्थ का अप्रोच हमेशा डर में जीते रहना नहीं हो सकता। डॉ पांडा ने यह बात केंद्र के राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को सर्विलांस बढ़ाने के निर्देश दिए जाने के बाद कही। उन्होंने कहा कि लोगों को मास्क पहनना जारी रखना चाहिए और वैक्सीन कवरेज बढ़ानी चाहिए। पांडा ने कहा कि क्लियर ऐक्शन प्लान के लिए और डेटा की जरूरत है मगर भारत को सावधानी के साथ और पाबंदियां हटाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें सतर्क रहना चाहिए और सर्विलांस व हायजीन मेंटेन करना चाहिए।

लोगों को इस बात की टेंशन है कि यदि भारत में भी तेजी से मामले बढ़ने लगे तो क्या स्थिति होगी। इसके साथ ही सवाल उठ रहा है कि क्या भारत 60 साल से कम उम्र के लोगों को बूस्टर डोज की अनुमति देगा देश में अभी सिर्फ 60 से अधिक उम्र के लोगों को प्रीकॉशन डोज की अनुमति दी गई है। बूस्टर डोज को लेकर देश के विशेषज्ञों की इम्युनिटी की अवधि, उम्र के आधार पर अलग-अलग राय है।



फोर्टिस सी-डॉक के अध्यक्ष डॉ अनूप मिश्रा ने कहा कि भारत के पास वैक्सीन की कोई कमी नहीं है फिर टीकाकरण में देरी क्यों उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि कोरोनोवायरस के खिलाफ वैक्सीन से बनने वाली इम्युनिटी छह से आठ महीने के बाद कम हो जाती है। देश में लगभग सभी वयस्क और 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों की एक बड़ी संख्या भारत में फुल वैक्सीनेशन हो चुका है। इसका मतलब है कि उन्हें एंटी कोविड-19 वैक्सीन लग चुकी है। इसमें वयस्कों के लिए कोविशील्ड और कोवैक्सिन और बच्चों के लिए कॉर्बेवैक्स वैक्सीन की डोज दी गई है। इजरायल, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने पहले ही अपने नागरिकों को कोविड-19 के खिलाफ टीकों की तीन दे चुके हैं। इन देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए वैक्सीन की अतिरिक्त चौथी डोजो की अनुमति दी गई है। जनवरी में, सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों और गंभीर रूप से बीमार बुजुर्गों के लिए वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक की अनुमति दी थी। हाल ही में, यह स्पष्ट किया गया था कि 60 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति तीसरी या बूस्टर डोज ले सकता है। मशहूर इम्यूनोलॉजिस्ट और एम्स के पूर्व डीन डॉ. एनके मेहरा ने टीओआई को बताया कि देश में अब बूस्टर डोज की अनुमति जरूरत है क्योंकि वैक्सीन की शुरुआती दो डोज से मिलने वाली इम्युनिटी 6 से 8 महीने में कमजोर हो जाती है।

## खास खबर

### भाजपा नेता कृष्ण कुमार की बेटियों ने अबू धाबी मस्जिद में हिजाब पहनकर कराया फोटोशूट

**मुंबई।** भाजपा नेता और अभिनेता कृष्णकुमार ने हाल ही में अपनी दो बेटियों के साथ अबू धाबी में शेख जायद ग्रैंड मस्जिद का दौरा किया। उन्होंने वहां से सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इस समय सोशल मीडिया पर सुर्खी बनीं हुई हैं। तस्वीरों पर चर्चा इसलिए हो रही हैं क्योंकि अभिनेता कृष्णकुमार की दो बेटियों ने हिजाब पहना हुआ हैं। तस्वीरों को महत्वपूर्ण बनाने के लिए कृष्णकुमार के फेसबुक पेज पर इन तस्वीरों को पोस्ट किया है। तस्वीरें उस समय पोस्ट की गई हैं, जब हिजाब को लेकर भारत में विवाद चल रहा हैं और कोर्ट ने हिजाब को गैर धार्मिक बताया हैं। सरकार ने स्कूल-कॉलेज में हिजाब पहनकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया और बड़ा विवाद पैदा हो गया। सरकार के इस फैसले को मुस्लिम संगठन द्वारा कोर्ट में चुनौती दी गई लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। हिजाब पहनने के अपने अधिकार के लिए लड़ रहे मुस्लिम छात्रों ने भाजपा सरकार को समझाने में विफल रहने के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाया। छात्रों ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में अपनी कानूनी लड़ाई खो दी और उन्होंने अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय में फैसले को चुनौती दी है।

### बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला 'बच्चन पांडे' का जादू, दूसरे दिन कलेक्शन में आई गिरावट

**मुंबई।** काफी समय से प्रशंसकों के बीच अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म बच्चन पांडे का शोर था। लंबे इंतजार के बाद होली के मौके पर बच्चन पांडे को रिलीज किया गया। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की ओपनिंग काफी धीमी रही। पहले दिन फिल्म ने 13.25 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे दिन का कलेक्शन भी निराश करने वाला रहा। अक्षय कुमार, कृति सेनन और जैकलीन फर्नांडिस जैसे स्टार्स होने के बावजूद बच्चन पांडे ज्यादा कुछ कमाल करती नहीं दिख रही है। बॉक्स ऑफिस पर ठंडी शुरूआत करने के बाद बच्चन पांडे दूसरे दिन सिर्फ 12 करोड़ रुपए ही कमा पाई। शुक्रवार और शनिवार का कलेक्शन मिलाकर अक्षय की फिल्म ने अब तक महज 25.25 करोड़ रुपए कमाये हैं। वीकेंड पर फिल्म से थोड़ी ज्यादा कमाई की उम्मीद की जा रही है। अब देखना होगा कि फिल्म संडे को कितना कलेक्शन करती है। अगर फिल्म की कहानी की बात करें, तो अक्षय और कृति सेनन की फिल्म बच्चन पांडे को अब तक मिक्स रिव्यू मिल रहे हैं। किसी को फिल्म जबरदस्त लग रही है, तो कोई फिल्म को बोरिंग बता रहा है। सवाल ये है कि बड़े बजट की फिल्म में बड़े स्टार्स होने के बावजादू फिल्म अच्छा कलेक्शन नहीं कर पा रही है तो इसकी एक वजह यह भी हो सकती है कि इसे द कश्मीर फाइल्स से मुकाबला करना पड़ रहा है।

### असम में नदी में नहाते वक्त डूबने से दो व्यक्तियों की मौत

**जोरहाट।** असम के जोरहाट जिले में होली के दिन दो लोगों को नदी में नहाना भारी पड़ गया। भोगदोई नदी में शनिवार को दो व्यक्तियों की डूबकर मौत हो गई, जबकि एक लापता हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वे तीन-सदस्यीय समूह का हिस्सा थे, जो होली खेलने के बाद नेमाटीघाट के पास नदी में नहाने गए थे। राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ) के जवान लापता व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, जबकि दो लोगों की डूबकर मौत होने की आशंका है। एसडीआरएफ ने दो लोगों के शव बरामद कर लिए हैं।

### रेवाड़ी में रेलवे के गोदाम में 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी में शराब के नशे में धुत एक युवक द्वारा टॉफी का लालच देकर चार साल की एक बच्ची को रेलवे गोदाम में ले जाकर कथित तौर पर उससे बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बच्ची के परिजनों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और आरोपी को पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शनिवार सुबह हुई, जब पीड़िता अपने ढाई साल के भाई के साथ दुकान पर टॉफी खरीदने गई थी। पुलिस ने कहा कि बिहार के बेगूसराय का रहने वाला 19 वर्षीय भोला शराब के नशे में था और वह बच्ची को टॉफी दिलाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर पास के एक रेलवे गोदाम में ले गया, जहां उसने बच्ची से बलात्कार किया। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मॉडल टाउन थाने में आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## सिलसिलेवार विस्फोटों से दहला सियालकोट मिलिट्री बेस, मिसाइल विस्फोट से गोला-बारूद डिपो में लगी आग



**सियालकोट।** पाकिस्तान के सियालकोट में रविवार दोपहर सिलसिलेवार धमाकों की गूंज सुनाई दी। सियालकोट स्थित पाक सेना के गोला-बारूद डिपो में ये ब्लास्ट हुए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया एंड पीआर विंग आईएसपीआर ने जानकारी दी कि सियालकोट मिलिट्री बेस में अचानक आग लग गई, जिससे यह हादसा हो गया, हालांकि इस घटना में कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि उत्तरी पाकिस्तान में सियालकोट मिलिट्री बेस पर कई विस्फोट हुए हैं। प्रारंभिक संकेत ये मिल रहे हैं कि यह एक गोला बारूद स्टोरेज एरिया है। धमाके के बाद एक बड़ी आग जलती हुई देखी गई। अभी तक विस्फोट के पीछे की असल वजह का पता नहीं चल पाया है।

लोकल मीडिया के अनुसार पाक सेना द्वारा एयर-टू-एयर मिसाइल पीएल-15 का टेस्ट किया जा रहा था, जो पूरी तरह नाकाम रहा। जे10-सी फाइटर जेट से छोड़े जाने के बाद यह मिसाइल बेकाबू हो गई और सियालकोट में जा गिरी। इस घटना के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी नागरिकों की ओर से पोस्ट किए गए हैं। सियालकोट छावनी, सबसे पुराने और सबसे महत्वपूर्ण पाकिस्तानी सेना के ठिकानों में से एक, शहर से सटा हुआ इलाका है। इसकी स्थापना 1852 में ब्रिटिश भारतीय सेना द्वारा की गई थी। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान वर्तमान में अपनी सरकार बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दो विपक्षी दलों द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ देश की संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इमरान खान अपने ही सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर विद्रोह का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कम से कम 100 सांसदों ने 8 मार्च को नेशनल असेंबली सचिवालय के समक्ष एक अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की सरकार देश में आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई के लिए जिम्मेदार है। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया में शेयर किए जा रहे हैं। जिनमें दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना के सियालकोट आयुध डिपो पर कोई बाहरी चीज पहले आकर गिरी, इसके बाद वहां पर आग लग गई।

## पहले मिसाइलों से हमला, अब यूक्रेन के लोगों को भूख से तड़पा रही रूसी सेना

### मरने की कगार पर हजारों लोग

**कीव)।** युद्ध के बीच घिरे यूक्रेन में बमबारी से बचने के लिए सैकड़ों लोग शहरों में छिपे हुए हैं। रूसी सेनाओं का जैसे-जैसे शहर में कब्जा बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे इनकी ज्यादती की खबरें भी बढ़ रही हैं। मारियुपोल के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शहर में बच्चे, बुजुर्ग मर रहे हैं। शहर नष्ट हो गया है और इसे पृथ्वी के नक्शे से मिटा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक डोनेट्स्क सैन्य-नागरिक प्रशासन के प्रमुख पाव्लो क्यारिलेंको ने कहा कि हजारों मारियुपोल निवासी कब्जे वाले मानहुशी और मेलेकिन में भूख से मर रहे हैं। रूसी सेनाओं ने उन्हें भोजन, पानी और सुरक्षित मार्ग मुहैया करने से इनकार कर दिया है। मारियुपोल नगर परिषद ने दावा किया कि रूसी सैनिकों ने कई हजार लोगों को रूस की सीमा में जाने के लिए मजबूर



किया है। परिषद ने कहा कि कब्जे वाले लोगों को यूक्रेन छोड़कर रूसी क्षेत्र में जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कब्जा करने वालों ने अवैध रूप से लेवोबेरेज्नी जिले से लोगों को बाहर निकाला और एक स्पोर्ट्स क्लब की इमारत में शेल्डर बनाया है। ये वो लोग हैं, जो बमबारी से बचने के लिए छिपे हुए थे। शेल्डर में लोगों की हालत काफी खराब है। इन्हें भोजन-पानी जैसे मूलभूत चीजें भी नहीं मिल रही हैं। दक्षिण-पूर्वी शहर मारियुपोल में शनिवार को रूस और यूक्रेन की सेनाओं के बीच विशाल इस्पात संयंत्र पर कब्जा करने के लिए संघर्ष हुआ। यूक्रेन की प्रमुख औद्योगिक संस्थानों में से एक मारियुपोल स्थित अजोव स्टील प्लांट पर कब्जा को लेकर परस्पर विरोधी रिपोर्टें आ रही हैं। अजोव बटालियन के सदस्य व्लादस्लिाव सोबोलिवेस्की ने यूक्रेनी टेलीविजन को बताया, दुश्मन शहर में इतनी दूर नहीं पहुंचा है। यूक्रेनी नौसेना, आजोव बटालियन व पुलिस शहर और उसके नागरिकों की रक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि अजोव स्टील प्लांट हमारे नियंत्रण में है। प्लांट सहित पूरे शहर में हवाई हमले हुए, लेकिन दुश्मन हमारे प्लांट पर हाथ नहीं डाल पाए। रिपोर्ट के अनुसार विशाल स्टीलवर्क्स मारियुपोल शहर के मध्य के तुरंत बाद पूर्व में स्थित है।

## हिजाब विवाद: फैसला देने वाले 3 न्यायाधीशों को कर्नाटक सरकार ने दी वाई श्रेणी की सुरक्षा

### मिली थी हत्या की धमकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हिजाब विवाद मामला कोर्ट के फैसले के बाद भी तूल पकड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, फैसला सुनाने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा देने का फैसला किया था। खबर आई थी कि जजों को जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। पुलिस में एक वायरल वीडियो को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। 15 मार्च को कर्नाटक हाईकोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में वर्दी को लेकर राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा था। साथ



ही कहा था कि इस्लाम में हिजाब अनिवार्य प्रथा नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा, हमने हिजाब पर फैसला सुनाने वाले तीनों जजों को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। मैंने डीजी और आईजी को विधानसौधा थाने में दर्ज शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें कुछ लोगों ने न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी दी है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अवस्थी, जस्टिस कृष्णा दीक्षित और काजी एम जैबुन्निसा की तीन सदस्यीय बेंच ने हिजाब मामले में फैसला सुनाया था। कर्नाटक हाईकोर्ट के तीन जजों को धमकी देने पर तमिलनाडु में में तीन लोगों के खिलाम मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर तमिलनाडु तौहीद जमात (टीएनएमजे) के तीन पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### एफआईएच प्रो लीग हॉकी में भारतीय टीम को अर्जेंटीना ने 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर** । एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भारतीय टीम को मेहमान टीम अर्जेंटीना के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। अर्जेंटीना ने भारतीय टीम को शूटआउट में 3-1 से हराया। इस मैच में तय समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था पर शूटआउट में भारतीय टीम पिछड़ गयी। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम हॉवी रही गुरजंत सिंह ने 38वें मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद अर्जेंटीना की ओर से निकोलस एकोस्टा ने 45 वें मिनट में गोल दागकर स्कोर बराबरी पर ला दिया। निकोलस कीनन ने 52वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला। भारतीय टीम की ओर से मनदीप सिंह ने 60वें मिनट में गोल कर फिर स्कोर बराबरी पर ला दिया। तय समय तक दोनो ही टीमों के बराबरी पर रहने से मुकाबला पैनाल्टी शूटआउट में चला गया। यहां भारतीय खिलाड़ी नाकाम रहे। केवल हरमनप्रीत सिंह ही गोल कर सके जबकि अभिषेक, गुरजंत और सुखजीत सिंह गोल नहीं कर पाये।

वहीं अर्जेंटीना की ओर से कीनन, टॉमस डोमेने और लुकास टोस्कानी ने गोल किये। इस जीत से अर्जेंटीना को एक बोनस अंक भी मिला है। इस प्रकार टीम पांच मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय टीम 7 मैचों में 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है।

### भवानी देवी फेंसिंग विश्व कप में 23वें स्थान पर रहीं

**तुर्की** । भारत की भवानी देवी यहां फेंसिंग (तलवार बाजी) विश्व कप में शीर्ष 25 खिलाड़ियों में रही हैं। ओलंपिक में शामिल रही एकमात्र भारतीय तलवार बाज भवानी विश्व के 166 फेंसर्स में 23वें स्थान पर रहीं। भवानी को महिला व्यक्तिगत सेबर राउंड-32 में फ्रांस की कैरोलिन क्वेरोली के हाथों 9-15 से हार का सामना करना पड़ा। वह ग्रुप चरण में एक भी मैच नहीं हारीं रहीं और इस कारण उन्हें राउंड-64 में प्रवेश मिला। राउंड-64 में उन्होंने चीनी तलवारबाज लिन केसी को 15-8 से हराया पर राउंड-32 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा और इस कारण इस भारतीय खिलाड़ी के हाथों से मैच निकल गया।

### ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय बने लक्ष्य

**बर्मिंघम** । भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। लक्ष्य ने सेमीफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया को तकरीबन सवा घंटे तक चले मुकाबले में 21-13, 12-21, 21-19 से हराया। इस प्रकार वह ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले अब तक भारत की ओर से प्रकाश नाथ, प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद और साइना नेहवाल ने ही फाइनल में प्रवेश किया था। पादुकोण ने साल 1980 में और गोपीचंद ने 2001 में खिताब जीता था जबकि प्रकाश नाथ को 1947 में और महिला वर्ग में साइना नेहवाल को 2015 में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैच जीता और फाइनल भी खेलने को मिलेगा।'' लक्ष्य ने पहले गेम में शानदार बचाव करते हुए 11-7 से बढ़त बनायी। लक्ष्य ने गेम अंक बनाये और पहला गेम जीत लिया। वहीं दूसरे गेम में ली ने वापसी की और मुकाबला निर्णायक स्तर तक ले गए।

# धोनी की सीएसके के लिए परेशानी पैदा कर सकती हैं, आईपीएल की चार टीमें

**मुंबई** । महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपरकिंग्स टीम आईपीएल इतिहास के सबसे सफल टीमों में से एक है। सीएसके ऐसी टीम है, जिसने लंबे समय तक अपने कोर ग्रुप पर भरोसा जताया। धोनी, ड्वेन ब्रावो और रवींद्र जडेजा सीएसके के लिए लंबे समय से खेल रहे हैं। चेन्नई में धोनी को 'थाला' के नाम से जाना जाता है। सीएसके ने अभी तक 4 बार आईपीएल खिताब जीता है। साल 2016 और 2017 में बैन झेलने के बाद सीएसके ने 2018 में धमाकेदार वापसी की। तब चेन्नई सुपरकिंग्स ने खिताब जीतकर आलोचकों का मुंह बंद किया था।

उस समय टीम मैनेजमेंट ने अपने पुराने खिलाड़ियों पर भरोसा जताया था, लेकिन इस बार सीएसके ने कुछ नए युवा प्रतिभाओं को अपने साथ जोड़ा है। आईपीएल 2022 धोनी के लिए आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। 26 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 15वें सीजन के बाद धोनी इस टी20 टूर्नामेंट से भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। सीएसके की इस लीग में कुछ टीमों के साथ कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है। चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले को 'अल क्लासिको' के नाम से जाना जाता है। आईपीएल में ये दोनों टीमें जब भी आमने-सामने होती हैं तब रोमांच की पराकाष्ठा चरम पर होती है। एक और मुंबई इंडियंस ने रिकॉर्ड 5 बार ट्रॉफी जीती है, वहीं चेन्नई ने 4 बार इस पर कब्जा जमाया है। पिछले 14 सीजन की बात करें,तब 9 बार दोनों ने आपस में ट्रॉफी शेयर की है। इससे पता चलता है कि इन दोनों टीमों का लीग में कितना वर्चस्व है। सीएसके और मुंबई आईपीएल के आगामी सीजन में 21 अप्रैल और 12 मई को भिड़ेंगी। दोनों टीमें एक-दूसरे को मात देने की कोशिश करेंगी। मुंबई और चेन्नई की टीमें 32 बार आईपीएल में टकराई हैं, जिनमें से मुंबई ने 19 वहीं सीएसके ने 13 मैचों में बाजी मारी है।



धोनी और विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स टीम के बीच आईपीएल के पिछले सीजन में जब भी टक्कर हुई है, मुकाबला रोमांचक रहा है। दोनों भारतीय क्रिकेट के बड़े नाम हैं। अधिकतर मौकों पर सीएसके विराट की आरसीबी पर भारी पड़ी है। बावजूद इसके सीएसके लिए इस बार माही बिग्रेड को कड़ी टक्कर देने को तैयार है। हालांकि विराट अब आरसीबी के कप्तान नहीं हैं। कोहली की जगह आईपीएल 2022 में फाफ डुप्लेसी टीम की अगुआई करने वाले हैं। फाफ वही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कई साल तक सीएसके के लिए खेला है। डुप्लेसी का सीएसके के लिए बल्ले से प्रदर्शन शानदार रहा है। अब डुप्लेसी और धोनी एक-दूसरे के आमने- सामने आ रहे हैं। दोनों 12 अप्रैल को टॉस के समय एक साथ मैदान पर दिखाई देने वाले है। आरसीबी लीग स्टेज पर सीएसके से दो बार भिड़ेगी। दोनों के बीच पहला मुकाबला 12 और दूसरा 4 मई को होगा। आरसीबी और ने सीएसके के खिलाफ अभी तक कुल 27 मैच खेले हैं जिनमें से 9 में जीत मिली है, जबकि 17 मैचों में सीएसके ने बाजी मारी है। इसमें बैंगलोर की टीम सीएसके खिलाफ अपने रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स भी चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन से इस फ्रेंचाइजी ने संभवतः बेस्ट स्क्वॉड तैयार किया है। यह टीम इस समय बेहद संतुलित नजर आ रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स के पास बेहतरीन ऑलराउंडर्स हैं, जो अपने दम पर मैच का रुख अपनी ओर पलटने का माद्दा रखते हैं। पिछले कई मौकों पर धोनी को लेग स्पिनर्स के खिलाफ संघर्ष करते हुए देखा गया है। धोनी के खिलाफ सुपर जायंट्स के लिए रवि बिश्नोई मुख्य हथियार साबित हो सकते हैं। सीएसके के बल्लेबाजों के लिए लिए युवा पेसर आवेश खान भी अपनी गेंदों से कहर बरपा सकते हैं। आवेश टी20 के बेहतरीन गेंदबाज हैं और ऐसे में वह चेन्नई सुपरकिंग्स के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के लिए खतरा बन सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से केएल राहुल और क्विंटन डि कॉक संभवतः पारी की शुरुआत करने वाले है। दोनों किसी भी फॉर्मेट में मैच विनर्स खिलाड़ी हैं। यदि दोनों बल्लेबाज आखिर तक क्रीज पर टिके रहते हैं तब फिर विरोधी टीम परेशानी में पड़ सकती है।

# 27 अगस्त से 11 सितंबर के बीच होगा एशिया कप 2022 का आयोजन

## भारत और पाकिस्तान के बीच होगा मुकाबला

**कोलंबो** । एशिया कप 2022 के आयोजन की तारीख तय हो गई है। शनिवार को कोलंबो में हुई एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में इस पर मुहर लगी। टूर्नामेंट का आयोजन श्रीलंका में होगा, और यह टी20 फॉर्मेट के आधार पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट के मुकाबले अगस्त-सितंबर में होने हैं। टूर्नामेंट पर सभी निगाहें इस कारण भी लगी हुई हैं, क्योंकि भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमें इसमें उतरेंगी। इस साल टी20 वर्ल्ड कप होना है। आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भी भारत और पाकिस्तान दोनों को एक ही ग्रुप में रखा गया है।

एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर तक होना है। टूर्नामेंट के क्वालिफायर्स 20 अगस्त से खेले जाएंगे। कोरोना के कारण टूर्नामेंट का आयोजन पिछले साल नहीं हो सका था। इससे पहले इसका आयोजन कोरोना के कारण 2020 में भी नहीं हो सका था। अंतिम बार टूर्नामेंट का आयोजन 2018 में वनडे फॉर्मेट में यूएई में हुआ था। भारत ने बांग्लादेश को 3 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें उतरेंगी। इसमें से 5 टीमें तय हो गई हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। छठी टीम पर फैसला क्वालिफायर्स से होगा। क्वालिफायर में हांगकांग, कुवैत, सिंगापुर और यूएई की टीमें उतरेंगी। यह टूर्नामेंट का 15वां सीजन है। पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन 1984 में यूएई में कराया गया था। भारतीय टीम चैंपियन बनी थी।ओवरऑल एशिया कप के रिकॉर्ड में भारतीय टीम सबसे सफल टीम है। भारत ने 7 बार टूर्नामेंट अपने नाम किया है। इसके अलावा श्रीलंका की टीम भी 5 बार टाइटल जीतने में सफल रही है। पाकिस्तान ने 2 बार खिताब पर कब्जा किया है। पिछले साल यूएई में हुए टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से करारी मात दी थी।



*सर्बिया में स्वीडन की जूलिया वेनरस्टर्न, बहामास की डेवेनी चार्लटन व जर्मनी की मोनिका जेपालस्का महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेती हुई।*

# मार्क वूड कोहनी में चोट की वजह से आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली** । इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन से ठीक पहले एक और इंग्लिश खिलाड़ी लीग से बाहर हो गया। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वूड कोहनी में चोट की वजह से आईपीएल से बाहर हो गए हैं। लखनऊ के लिए मार्क का बाहर होना एक बड़ा झटका है। अपनी पेस और सीम के लिए पहचानने वाले मार्क वूड को लखनऊ सुपर जायंट्स ने फरवरी में हुए मेगा ऑक्शन में 7.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। मार्क मौजूदा समय में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रहे थे। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में तेज गेंदबाज मार्क वूड सहित इंग्लैंड के 14 खिलाड़ी लेने वाले थे, लेकिन 3 खिलाड़ियों ने निजी कारणों से और चोट की वजह से अपना नाम वापस ले लिया है। दरअसल इंग्लैंड के ओपनिंग बल्लेबाज जेसन रॉय गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे, गुजरात ने उन्हें मेगा ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। पाकिस्तान सुपर लीग के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ निजी वक्त बिताने के लिए लीग से नाम वापस ले लिया। गुजरात टाइटंस ने जेसन रॉय की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम में शामिल किया है।वहीं टी-20 और वनडे फॉर्मेट में जेसन रॉय के जोड़ीदार रहे एलेक्स हेल्स ने भी लंबे समय से बायो बबल में रहने की वजह से पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लेने के बाद ब्रेक लेने का फैसला किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने हेल्स को 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। हेल्स की जगह कोलकाता ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ऐरोन फिंच को टीम में शामिल किया है। इसके बाद तेज गेंदबाज मार्क वूड वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में चोटिल हो गए थे,वहां दूसरे टेस्ट में भी हिस्सा नहीं ले पाए, चोट की वजह से लखनऊ के लिए अपना लीग डेब्यू नहीं कर सकते हैं। मार्क वूड की जगह लखनऊ एंड्रूयू टाय को अपनी टीम में शामिल कर सकती है, हालांकि अभी इस पर विचार जारी है। इन तीन खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद भी आगामी सीजन में जॉनी बेयरस्टो, मोईन अली, सैम बिलिंग्स, जोस बटलर, लियाम लिविंग्सटन जैसे स्टार टी-20 खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा।

## व्यापार न्यूज

### भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने ईरान तैयार

**मुंबई** । भारत में ईरान के राजदूत अली चेगेनी ने भारत को ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद की पेशकश करते हुए कहा कि उनका देश तेल और गैस के निर्यात के लिए रुपया-रियाल व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। चेगेनी ने कहा कि अगर दोनों देश रुपया-रियाल व्यापार फिर से शुरू करते हैं, तो द्विपक्षीय व्यापार 30 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था, लेकिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाने के बाद नई दिल्ली को आयात रोकना पड़ा। एमवीआईआरडीसी विश्व व्यापार केंद्र द्वारा यहां जारी एक बयान में चेगेनी के हवाले से कहा गया ?कि ईरान तेल और गैस के निर्यात के लिए रुपया-रियाल व्यापार शुरू करके भारत की ऊर्जा सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा ?कि रुपया-रियाल व्यापार तंत्र दोनों देशों की कंपनियों को एक दूसरे के साथ सीधे सौदा करने और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता लागत से बचने में मदद कर सकता है। गौरतलब है कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच व्यापार निपटान के लिए एक विनिमय तंत्र था, जिसमें भारतीय तेल आयातक एक स्थानीय ईरानी बैंक को रुपए में भुगतान कर रहे थे और इस धन का उपयोग करते हुए तेहरान भारत से आयात कर रहा था।

### निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से 248 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली** । निवेशकों का रुझान अन्य विकल्पों की तुलना में शेयरों की ओर बढ़ने से फरवरी में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (ईटीएफ) से 248 करोड़ रुपए की निकासी देखने को मिली है। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि गोल्ड ईटीएफ से निवेशकों ने निकासी की है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से 452 करोड़ रुपए निकाले थे। इससे पहले दिसंबर में गोल्ड ईटीएफ में शुद्ध निवेश 313 करोड़ रुपये रहा था। निकासी के बावजूद इस श्रेणी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी के आ?खिर तक बढ़कर 18,727 करोड़ रुपए हो गईं, जो जनवरी के आ?खिर तक 17,839 करोड़ रुपए थीं। इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में फोलियो की संख्या 3.09 लाख बढ़कर 37.74 लाख हो गई। एलएक्सएमई की संस्थापक प्रीति राठी गुप्ता ने कहा कि यह रुख दर्शाता है कि स्वर्ण संपत्तियों को निवेशकों द्वारा पोर्टफोलियो के विविधीकरण और बाजार उतार-चढ़ाव में हेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस समय निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से निकासी संभवतः आकर्षक रिटर्न की वजह से अपने पोर्टफोलियो को पुनः संतुलित करने के लिए की है। मॉर्निंगस्टार इंडिया की वरिष्ठ विश्लेषक-प्रबंधक शोध कविता कृष्णन ने कहा कि निवेशक सोने को हमेशा ऐसी संपत्ति के रूप में तरजीह देते हैं जिसका इस्तेमाल जोखिम से बचाव और अपने निवेश के विविधीकरण के लिए किया जा सकता है।

# दिवाली से ज्यादा ब्रिकी होली पर की ई-कॉमर्स कंपनियों ने

## अमरावती, औरंगाबाद, अयोध्या, से ज्यादा आई डिमांड

**मुंबई** । होली के मौके पर मीशो, अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी ऑनलाइन ई-कॉमर्स कंपनियों की जमकर बिक्री हो रही है। कई कंपनियों की सेल दिवाली से भी आगे पहुंच गई है। खास बात यह है कि बिक्री में करीब 80 फीसदी डिमांड अमरावती, औरंगाबाद, अयोध्या, मुजफ्फरपुर और सिलचर जैसे टियर-2 शहरों से आ रही है। देश के कई हिस्सों में आज भी होली मनाई जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो की चार से छह मार्च तक आयोजित तीन दिन की होली सेल के दौरान 1.4 करोड़ से अधिक ऑर्डर आए। यह पिछले साल की दिवाली सेल से अधिक है। दिवाली सेल को देश में सबसे बड़ा फेस्टिवल शॉपिंग सीजन माना जाता है। कंपनी को होली सेल में करीब 80 फीसदी ऑर्डर अमरावती, औरंगाबाद, अयोध्या, मुजफ्फरपुर और सिलचर जैसे टियर-2 शहरों से आए।

इस मौके पर मीशो पर ज्वेलरी, फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपेरल की बिक्री में भारी तेजी देखने को मिली। दिल्ली के एक मीशो सेलर ने कहा कि सबसे दिलचस्प बात यह रही कि तीनों दिन ऑर्डर फ्लो एक समान रहा। यह दिवाली सेल से बेहतर था। राजकोट के एक सेलर ने कहा कि सेल्स में पांच गुना तेजी आई। मीशो यूजर्स को 7.7 करोड़ से अधिक यूनीक प्रॉडक्ट्स तक एक्सेस देता है। पिछले साल मीशो के 71 फीसदी नए यूजर्स टियर 3 मार्केट्स से आए थे। फ्लिपकार्ट के सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉपसी की पहली होली सेल में कुछ ऐसा ही हाल रहा। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि होली पिचकारी से लेकर ऑर्गेनिक कलर्स तक लोग अब लीक से हट रहे हैं और उनका फोकस वैल्यू पर है। होली एसेंशियल्स कैटगरी में 60 फीसदी ऑर्डर टियर 3 शहरों से आया। इसमें ज्यादातर खरीदार पूर्वी और उत्तरी जोन के थे। सबसे ज्यादा डिमांड पटना, लखनऊ, गुवाहाटी, वाराणसी, इलाहाबाद, जयपुर, रांची, कटक, भुवनेश्वर, अहमदाबाद, कानपुर, गाजियाबाद, मेदिनीपुर, बांकुरा और नागपुर से देखनें में मिली।

शॉपसी पर रंगों की डिमांड पर पांच गुना और पिचकारी के ऑर्डर में चार गुना तेजी देखने को मिली। एपेरल्स कैटगरी में भी दो गुना तेजी दिखी। इस तरह आटा, सूजी, घी, शुगर, सेंवई और दूसरी की मांग में भी टियर 3 शहरों से मांग में काफी तेजी दिखी।वहीं अमेजॉन पर होली का रंग चढ़ा है। कंपनी ने होली की खास जरूरत के लिए होली शॉपिंग स्टोर बनाया था। इसमें हर्बल कलर्स से लेकर पिचकारी, पूजा सामग्री, वॉटरप्रूफ गैजेट्स और एक्सीसरीज उपलब्ध है। इसमें कई इलेक्ट्रॉनिक सामान पर भी छूट दी जा रही है।

# सऊदी अरामको की कुछ हिस्सेदारी खरीद सकते हैं गौतम अडानी

**नई दिल्ली** । गौतम अडानी का अडानी ग्रुप सऊदी अरब की तेल कंपनी सऊदी अरामको के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। खबरों के मुताबिक गौतम अडानी की कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी तेल निर्यातक सऊदी अरामको की कुछ हिस्सेदारी भी खरीद सकती है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि गौतम अडानी की कंपनी सऊदी अरामको के साथ ज्वॉइंट इंवेस्टमेंट और संभावित सहयोग को लेकर शुरुआती बातचीत के दौर में है। अडानी समूह कंपनी में सऊदी अरब के पब्लिक इंवेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की हिस्सेदारी खरीद सकता है। खबर के मुताबिक सऊदी अरामको की हिस्सेदारी खरीदने के लिए भले अडानी ग्रुप को अभी करोड़ों डॉलर खर्च करने होंगे। आने वाले समय ये डील संपत्तियों के हस्तांतरण में या अरामको या उसकी सब्सिडियरी साबिक जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी में बदल सकती है। ये साझेदारी रिन्यूएबल एनर्जी, क्रॉप न्यूट्रिएंट्स या केमिकल सेक्टर में हो सकती है। इतना ही नहीं इस डील में अडानी ग्रुप पीआईएफ को इंडिया के इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में निवेश करने के लिए कह सकती है। हालांकि अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि बातचीत काफी शुरुआती चरण में है। इस बारे में अडानी ग्रुप, सऊदी अरामको और पीआईएफ ने किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की है। अडानी ग्रुप के साथ ये डील सऊदी अरामको को भारत जैसे दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एनर्जी कंज्यूमर्स से जोड़ सकती है। सऊदी अरामको ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 15 अरब डॉलर के निवेश को लेकर करीब 2 साल तक बातचीत की। लेकिन पिछले साल नवंबर में ये बातचीत टूट गई।



# कुशीनगर से कोलकाता-दिल्ली के लिए रोजाना विमान सेवा देगी स्पाइस जेट

## कोलकाता के लिए 27 मार्च से उड़ान शुरू कर रही कंपनी

**मुंबई** । उड़ान सेवा देने वाली विमानन कंपनी स्पाइस जेट कुशीनगर से कोलकाता के लिए भी हवाई सेवा देगी। कंपनी कोलकाता के लिए 27 मार्च से उड़ान शुरू कर रही है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने ग्रीष्मकालीन हवाई सेवाओं की समय सारिणी में इस शामिल किया है। साथ ही कुशीनगर-दिल्ली उड़ान सेवा को छह से बढ़ाकर सप्ताह में सातों दिन कर दिया है। इस तारीख से दिल्ली के लिए डेली फ्लाइट शुरू हो रही है।

दिल्ली से विमान के उड़ान भरने का समय 13.49 बजे तय है, जो कुशीनगर एयरपोर्ट पर 15.05 बजे पहुंचेगा। कुशीनगर से दिल्ली के लिए विमान 15.25 बजे उड़ान भरकर वहां शाम 16.55 बजे पहुंचेगा। 27 मार्च से शुरू होने उड़ान सेवा में विमान कोलकाता से 13.35 बजे टेकआफ कर 15.20 बजे कुशीनगर लैंड करेगा। यहां से 15.40 बजे कोलकाता के लिए उड़ान भरकर वहां पर 17.40 बजे पहुंचेगा। एयरपोर्ट निदेशक एके द्विवेदी ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दोनों सेवाओं को निर्धारित शेड्यूल में शुरू करने की अनुमति दे दी है।

स्पाइसजेट की चीफ कमर्शियल अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा कि स्पाइसजेट ने हैदराबाद-पुडुचेरी-हैदराबाद, गोरखपुर-कानपुर-गोरखपुर, गोरखपुर-वाराणसी-गोरखपुर और वाराणसी-पटना सेक्टरों पर उड़ान के तहत सात नई उड़ानें शुरू की हैं। ये सभी उड़ानें रोजाना चालू रहेंगी। एयरलाइन के मुताबिक हम नई उड़ानें शुरू करने और अपने घरेलू नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा मानना है कि समय विस्तार करने का है क्योंकि यात्रा की मांग बढ़ रही है, और विमानन क्षेत्र मजबूत वापसी के लिए नए अवसरों को अपनाने के लिए तैयार है।



एयरलाइन को उम्मीद है कि आगामी समर शेड्यूल में हमारी नई उड़ानें, जो उड़ान के तहत हैं, यात्रा की मजबूत मांग को पूरा करने में सकारात्मक योगदान देंगी और इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहन देंगी। स्पाइसजेट ने आठ उड़ानें भी शुरू की हैं, जो गोरखपुर-कानपुर, गोरखपुर-वाराणसी, जयपुर-धर्मशाला और तिरुपति-शिरडी सेक्टरों पर संचालित होंगी।

# कई कंपनियां लॉन्च करने वाली नई एसयूवी, क्रेटा और सेल्टॉस को मिलेगी कड़ी टक्कर

नई दिल्ली । अब क्रेटा और सेल्टॉस एसयूवी को टक्कर देने के लिए मारुति सुजुकी और टोयोटा के साथ ही टाटा मोटर्स और महिंद्रा ऑटो जैसी कंपनी नई एसयूवी लॉन्च करने वाली है, जो बेहतर लुक और लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही पावरफुल इंजन से लैस होगी। मारुति सुजुकी और टोयोटा के जॉइंट वेंचर में इस साल दो नई एसयूवी लॉन्च होने वाली है, जो कि मिडसाइड सेगमेंट की है। अब तक इसकी टोयोटा डी22 और मारुति वायएफजी जैसे कोडनाम से चर्चा होती है। हाल के दिनों में इसे टेस्टिंग के दौरान भी देखा गया है। ये दोनों ही एसयूवी काफी हद तक एक जैसी होंगी, जो कि टोयोटा ग्लांजा और टोयोटा अर्बन क्रूजर जैसी मारुति सुजुकी और टोयोटा की जॉइंट वेंचर में डिवेलप कारों की खासियत हैं। अब दोनों की कंपनियां अपनी नई मिडसाइज एसयूवी को टोयोटा के डीजीएनए प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा और इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। मारुति और टोयोटा की इन एसयूवी को इस साल के आखिर तक लॉन्च किया जा सकता है। महिंद्रा इस साल अपनी नई मिडसाइज एसयूवी लॉन्च करने वाली है। कंपनी ने पिछले साल महिंद्रा एक्सयूवी500 को रिप्लेस कर महिंद्रा एक्सयूवी700 लॉन्च किया। अब कंपनी एक्सयूवी500 को अपडेट कर बेहतर लुक और फीचर्स के साथ पेश करने की तैयारी है। इसे एक्सयूवी300 और एक्सयूवी700 के बीच के सेगमेंट में पेश किया जाएगा।





# टीवी की संस्कारी बहू ने लगाया हॉटनेस का तड़का



टीवी की दुनिया की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान अक्सर सोशल मीडिया पर आग लगाती रहती हैं. हिना ने टीवी की संस्कारी बहू की छवि से निकलकर फैंस के दिलों में एक अलग छाप छोड़ी है. एक्ट्रेस ने अब टीवी से बॉलीवुड में अपने कदम जमा लिए हैं. आज हिना को अपने हॉट अंदाज के लिए भी फैंस जानते हैं. हिना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं जिनका स्टाइल स्टेटमेंट सबसे हटके हैं. हाल ही में हिना ने अपनी बोल्ड फोटोज फैंस के लिए शेयर की हैं. हिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपने अलग अलग अंदाज की झलक फैंस को दिखाती रहती हैं. हिना खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक बार फिर से हॉटनेस का तड़का लगाया है. हिना खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर बिकिनी की फोटोज शेयर की हैं. हिना फोटोज में पिंक कलर की बिकिनी पहने नजर आई हैं, इसके ऊपर से मैचिंग का पिंक ही सर्ग एक्ट्रेस ने पहना हुआ है. एक्ट्रेस फोटोज में रेत पर अपने जलवे बिखेरती दिख रही हैं. फोटोज में हिना अलग अलग लुक से फैंस को दीवाना करती दिख रही हैं. हर एक फोटो में एक्ट्रेस का हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है. फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने 3 पिंक कलर के फूल बनाए हैं. सोशल मीडिया पर हिना की फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं. फैंस इस पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं. हिना इन दिनों अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जयसवाल के साथ मालदीव में हैं. जहां से वो अपने अलग अलग अंदाज की फोटोज फैंस के लिए लगातार शेयर कर रही हैं. वहीं कुछ लोग हिना को ट्रोल भी कर रहे हैं. हिना पिछले कई दिनों से मालदीव में ही हैं. ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल से अपने करियर की शुरुआत करने वाली हिना अब फिल्म्स में भी नजर आने लगी हैं. एक्ट्रेस अब फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ रही हैं. हालांकि, उन्होंने अभी तक अपने नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जल्द ही खुशखबरी देंगी. हिना खान ब्वॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल संग रिलेशनशिप में हैं. हिना खुल्लम खुल्ला अपने प्यार को स्वीकार कर चुकी हैं और एक्ट्रेस शादी कब करेंगी इस पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है. हिना को फैंस ने बिग बॉस 14 में भी देखा था. यहां वह सिद्धार्थ शुक्ला की अच्छी दोस्त के रूप में नजर आई थीं।

## समय और फिल्मों ने बाधाओं को फिर से तोड़ा है : राणा दग्गुबाती



अभिनेता राणा दग्गुबाती का मानना है कि दक्षिण की फिल्में हमेशा से अखिल भारतीय रही हैं, लेकिन विश्व स्तर पर प्रसिद्ध फिल्म बाहुबली ने भारतीय व्यवस्था में कारोबार को सही तरीके से चलाने का रास्ता दिखाया। राणा ने दो भाग वाली फिल्म फ्रेंचाइजी में विरोधी भल्लालदेवा की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने बात करते हुए पैन इंडिया फिल्मों की संस्कृति के प्रसार और बाहुबली ने इसे कैसे शुरू किया, इस बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैं एक अभिनेता से पहले दर्शक था और मेरे लिए हिंदी या तेलुगू फिल्म देखते समय एक जैसी भावना रहती थी। मैं हैदराबाद में रहता हूं और मेरे लिए चाहे (अमिताभ) बच्चन सर की फिल्म हो या कमल हासन की, वाइब्स वही थे। बार-बार ऐसी फिल्में आईं, जिन्होंने बाधाएं तोड़ीं। हाल ही में तेलुगू में अपनी फिल्म अरण्य और तमिल में कदान रिलीज करने वाले अभिनेता कहते हैं, मणि (रत्नम) सर की फिल्म रोजा मूल रूप से एक तमिल फिल्म थी, लेकिन हिंदी बेल्ट में किसी को भी इससे समस्या नहीं थी। वे इसे उतना ही प्यार करते थे जितना दक्षिण भारतीयों को बहुत पसंद थी।

## काम पर लौटे गोविंदा

कोरोना की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद दिग्गज अभिनेता गोविंदा काम पर वापस लौट आए हैं। गोविंदा को वर्तमान में लोकप्रिय रियलिटी शो डांस



बंगला डांस में हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर सेट से एक वीडियो साझा किया जहां वह बैकग्राउंड डांसर के साथ डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गोविंदा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, नये स्टेज पर मेरा सिग्नेचर मूवज मेरे लिए नया है!! काम पर वापस और नाली में वापस। जज करना और जी बांग्ला पर डांस इंडिया डांस देखकर आनंद लेना !! घर पर सुरक्षित रहकर इसे देखें। इस महीने की शुरूआत में दिग्गज अभिनेता ने अपने ट्रेडमार्क डांस के साथ वीडियो पोस्ट करते हुए घोषणा की थी कि वह कोरोना की उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

# मुझे उम्मीद है कि मेरा किरदार महिलाओं को सशक्त बनाएगा : सिमरन परींजा



समाज ने हमेशा से महिलाओं को जो भी कुछ कहा हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। महिलाएं शक्तिशाली, बहादुर और उल्लेखनीय रूप से बहुत मजबूत रही हैं। यह वास्तविक जीवन में भी सच है और इन महिलाओं को हमें टीवी शोज, फिल्मों और वेब सीरीज में देखना बहुत महत्वपूर्ण है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, इस गर्मी के मौसम में स्टार भारत एक प्रचलित सामाजिक चुनौती पर प्रकाश डालना चाहता है, जिससे अभी भी कई युवा लड़कियां भारत के कई हिस्सों में लड़ रही हैं और वह है दहेज प्रथा, जिसे आगामी नए शो लक्ष्मी घर आई के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इन कुछ वर्षों में, बॉलीवुड फिल्में जैसे थप्पड़, चीन, पिंक, मदार्नी सभी ने भारत में महिला सशक्तिकरण और अन्य मुद्दों पर रौशनी डाली है जो महिलाओं को भारत में झेलनी पड़ती हैं। अब, स्टार भारत और शकुंतलम टेलीफिल्म्स ने मिलकर खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री सिमरन परींजा को अपने आगामी पारंपरिक टीवी शो में साहसी मैथली का किरदार निभाने के लिए चुना है। मैथली की यात्रा बताएगी कि कैसे वह सामाजिक विश्वास और दहेज की व्यवस्था से लड़ती है। शो के माध्यम से, अभिनेत्री इस सोच को बढ़ावा देना चाहती है कि लड़कियां किसी पर बोझ नहीं बल्कि उनकी संपत्ति हैं। जब इस शो के बारे में सिमरन से बात की गई तो उन्होंने कहा, लक्ष्मी घर आई शो हमारे समाज और उसका प्रतिबिंब है, जिसमें हम रहते हैं। हम भारत को दहेज की सदियों पुरानी व्यवस्था से अवगत कराने का इरादा रखते हैं जो आज भी कई कस्बों और शहरों में जीवित है। सभी जानते हैं कि दहेज गैरकानूनी और अनैतिक है, लेकिन फिर भी वे इसका अभ्यास करते हैं। हमारे समाज ने इसे उपहार का नाम दिया है ताकि यह सुनने में अच्छा लगे। दहेज का सीधा सा मतलब है कि आप लड़की या लड़के पर एक प्राइस टैग लगा रहे हैं और उसे खरीद रहे हैं।



## बदला सियासी नक्शा

उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आ चुके हैं। नतीजे भाजपा के लिए उत्साहजनक हैं, तो विपक्ष के लिए निराशाजनक। यह तय है कि इन नतीजों के बाद विपक्ष को नए सिरे से रणनीति बनानी होगी और जनता के बीच अपनी छवि बदलनी होगी। राजनीति का ट्रेंड अब बिल्कुल बदल चुका है। पुरानी धारा पर चुनाव जीतना अब मुश्किल है। अब विकास की बात होती है, जातियों की नहीं। पांच राज्यों में परिणाम आने के बाद देश का सियासी नक्शा बदल गया है। फिलहाल 18 राज्यों में भाजपा और उसके गठबंधन की सरकारें हैं। इन राज्यों में देश की करीब 50 फीसदी फीसदी आबादी रहती है। यानी, देश की करीब आधी आबादी वाले राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। वहीं, छह राज्यों में कांग्रेस और उसके गठबंधन की सरकारें हैं। जहां देश की करीब 28 फीसदी आबादी रहती है। मई 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। मोदी के सत्ता में आने के वक्त देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकारें थीं। इनमें पांच राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री थे। वहीं, बिहार और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टी सरकार चला रही थी। इन दो राज्यों में देश की 11 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। बाकी पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री थे। इन राज्यों में देश की 19 फीसदी आबादी रहती है। यानी, जब मोदी सत्ता में आए उस वक्त करीब 30 फीसदी आबादी पर भाजपा और उसकी सहयोगी सरकारें चल रही थीं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए उस वक्त देश के 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी पार्टियों की सरकार थी। कांग्रेस शासित इन राज्यों में देश की 27 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। इन राज्यों में महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे दो बड़े राज्य शामिल थे। 2014 में सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। चार साल बाद मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। इन राज्यों में देश की करीब 71 फीसदी आबादी रहती है। ये वो दौर था जब भाजपा शासन आबादी के लिहाज से पीक पर था। वहीं, चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। इन राज्यों की सात फीसदी आबादी रहती है। भाजपा इस वक्त करीब 50 फीसदी आबादी पर राज कर रही है। भाजपा तो 18 राज्यों में अपनी सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही, लेकिन कांग्रेस के हाथ से एक और राज्य चला गया। अभी कांग्रेस और गठबंधन की छह राज्यों में सरकार है। पंजाब हाथ से जाने के बाद पांच राज्यों में ही सरकार रह जाएगी। इनमें भी केवल दो राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई है। मतलब यहां इनके मुख्यमंत्री हैं। जबकि अन्य तीन राज्यों में गठबंधन की सरकार है। कांग्रेस को इस प्रदर्शन से सबक लेना होगा। उसके सामने 2023 का लोकसभा चुनाव है। इससे पहले गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने हैं। उसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में चुनाव मैदान में जाना है। इन सभी जगहों पर उसका मुकाबला भाजपा से होना है, जिसके पास कैडर है, कार्यकर्ताओं की भारी फौज है। अगर कांग्रेस इसी तरह चुनाव लड़ती रहेगी, तो आप जैसे दल उससे सत्ता छीनते रहेंगे। आप को पंजाब में कांग्रेस के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर से भारी लाभ हुआ है। आप को उन युवा और महिला मतदाताओं का समर्थन मिला जो एक नई पार्टी को मौका देना चाहते थे। पिछले चुनाव में यही वर्ग कांग्रेस के साथ आया था, मगर इस बार कांग्रेस की अंदरूनी कलह ने इस वर्ग को दूर कर दिया। कुल मिलाकर भाजपा को इस जीत से बड़ा टॉनिक मिला है।

# शीघ्र-सहज न्याय का मंदिर है उपभोक्ता आयोग!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

प्रायः न्यायालयो में तारीख पर तारीख दी जाती है,जिसकारण वादकारियों की चप्पलें तक घिस जाती है।दीवानी न्यायालय के बारे में तो कहावत है कि दावा दादा करता है तो न्याय पोते को मिलता है।इस मिथक को तोड़ने की आज सबसे बड़ी आवश्यकता है।हालांकि यह काम यानि तारीख पर तारीख न देकर शीघ्र सहज न्याय देने का काम देश की उपभोक्ता अदालते,जो अब आयोग के रूप में परिवर्तित होकर उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध करा रही है।हम कह सकते है, समय के साथ उपभोक्ताओ की सोच में भी अब बदलाव आया है।अब खरीदी गई वस्तु के खराब निकलने पर सिर्फ अफसोस व्यक्त करके उपभोक्ता घर नही बैठता, बल्कि दुकानदार से शिकायत करने के साथ ही खराब वस्तु को बदलवाने के लिए उपभोक्ता आयोग तक का दरवाजा खटखटाता है।इसी प्रकार खरीदी गई किसी सेवा में कमी मिलने पर उपभोक्ता अपने साथ हुए अन्याय के लिए प्रतिवाद करने लगा है और विभिन्न मंचो पर न्याय के लिए जाने लगा है।

उपभोक्ता के साथ कोई भी ठगी या सेवा में कमी न कर पाए,उपभोक्ता को कोई धोखा न दे सके ,कोई दुकानदार या सेवा प्रदाता झूठी सच्ची बाते करके किसी को खराब गुणवत्ता का सामान न बेच सके और किसी को खराब सेवा न दे सके । इसके लिए सभी को जागरूक रहना आवश्यक है। उपभोक्ता आयोग एक ऐसा न्याय का मंदिर है जहां आप सुगमता से न्याय मांग सकते है।उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2019 की अधिसूचना भारत सरकार ने 15 जुलाई 2020 को जारी कर दी थी।जिसके तहत 20 जुलाई सन 2020 से उक्त संशोधित कानून प्रभावी हो गया था। इस बदले कानून से उपभोक्ताओं को शोषण और अन्याय से मुक्ति मिल रही है। इस कानून में किये गए बदलाव से उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के क्षेत्र में नई पहल का सूत्रपात हुआ है। उपभोक्ता संरक्षण संशोधित कानून, 2019 के तहत उपभोक्ता कही से भी उपभोक्ता अदालत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस कानून में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए साथ ही पुराने नियमों में सुधार की कोशिश भी की गई है।

जैसे सेंट्रल रेगुलेटर का गठन, भ्रामक विज्ञापनों पर भारी दंड और ई-कॉमर्स फर्मों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने वाली कंपनियों के लिए सख्तक दिशानिर्देश इस नये कानून में शामिल किये गए हैं।उपभोक्ता अब कहीं से भी यानि जहां वह निवास करता है या जहां से उसने सामान या सेवा खरीदी है ,में से कही से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता अदालतें गठित हैं जिन्हें आयोग के रूप मान्यता दी गई है।नए कानून के तहत उपभोक्ता अदालतों के क्षेत्राधिकार में बदलाव किया गया है। राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता अदालतों के मुकाबले जिला अदालतों तक पहुंच ज्यादा होती है। इसलिए अब जिला उपभोक्ता अदालतें 50 लाख रुपये तक के मामलों की सुनवाई कर सकेंगी।पहले जिला आयोग को एक करोड़ रुपये मूल्य के वादों की सुनवाई का अधिकार था,जो अब घटाकर 50 लाख रुपये तक किया गया है।

अब उपभोक्ता अपनी शिकायत कही से भी दर्ज कर सकता है। पहले उपभोक्ता वहीं शिकायत दर्ज करा सकता था, जहां विक्रेता अपनी सेवाएं देता है या फिर उसकी कोई शाखा या कार्यालय जहां मौजूद है। ई-कॉमर्स अर्थात ऑन लाइन से बढ़ती खरीदारी को देखते हुए यह उपभोक्ताओं के हित मे यह एक अच्छा कदम है। इसके अलावा कानून में उपभोक्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी सुनवाई में शिरकत करने की इजाजत दी गई है। इससे उपभोक्ता का पैसा और समय दोनों बच सकेंगे और उसे न्याय भी जल्दी मिल सकेगा। उपभोक्ता कानून के इतिहास का अवलोकन करें तो पता चलता है कि सन 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में कुछ उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई



में स्थापना की गई थी और इसकी शाखाएं कुछ प्रमुख शहरों में स्थापित की गईं। भारत मे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता आंदोलन का यह प्रथम प्रयास कहा जा सकता है।वही स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना बीएम जोशी द्वारा 1974 में पुणे में की गई।समय के साथ अनेक राज्यों में उपभोक्ता कल्याण हेतु संस्थाओं का गठन हुआ। इस प्रकार उपभोक्ता आन्दोलन देश मे आगे बढ़ता रहा और सन 24 दिसम्बर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद ने पारित किया और जो राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के रूप में लागू हुआ। इस अधिनियम में बाद में सन 1993 ,सन 2002 व अब 2019 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए। इन व्यापक संशोधनों के बाद यह एक सरल व सुगम अधिनियम हो गया है। इस अधिनियम के अधीन पारित उपभोक्ता अदालतों के आदेशों का पालन न किए जाने पर धारा 72 के अधीन कारावास व दण्ड का प्रावधान किया गया है। नए कानून में उत्पाद व विक्रेता कंपनी की जवाबदेही तय की गई है ।उत्पाद में निर्माण त्रुटि या खराब सेवाओं से अगर उपभोक्ता को नुकसान होता है तो उसे बनाने वाली कंपनी को हर्जाना देना होगा. यानि निर्माण त्रुटि में खराबी के कारण प्रेशर कुकर के फटने पर उपभोक्ता को चोट पहुंचती है तो उस हादसे के लिए कंपनी को हर्जाना देना होगा। पहले उपभोक्ता को केवल कुकर की लागत मिलती थी। उपभोक्ताओं को क्षति पूर्ति के लिए भी सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।जिससे मामले के निपटारे में सालों साल लग जाते थे।पहले कंपनियां अनैतिक तरीके से कोर्ट से तारीख पर तारीख ले लेती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उपभोक्ताओं को 90 दिन की समय सीमा में न्याय मिल जाना चाहिए।हालांकि इसमें प्रायः थोड़ा ज्यादा समय लग रहा है।पहले जहां से उपभोक्ता ने सामान खरीदा था, वहीं के उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करना होता था। अब उपभोक्ता कहीं से भी सामान खरीदा हो, यदि उसमें खराबी है तो उसकी शिकायत घर या काम की जगह के आसपास के उपभोक्ता अदालत में कर सकता है। इस नये कानून का सबसे ज्यादा असर ई-कॉमर्स बिजनेस के क्षेत्र में होगा।अब इसके दायरे में सेवा प्रदाता भी आ जाएंगे. ÷उत्पाद की जवाबदेही अब निर्माता के साथ सेवा प्रदाता और विक्रेताओं पर भी होगी. इसका अर्थ यह हुआ कि? ई-कॉमर्स साइट खुद को एग्रीगेटर बताकर पल्ला नहीं झाड़ सकती हैं.ई-कॉमर्स कंपनि?यों पर सीधे बिक्री पर लागू सभी कानून प्रभावी होंगे. अब अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील जैसे व्यापारिक मंच को विक्रेताओं के ब्योरे का खुलासा करना होगा. इनमें उनका पता, वेबसाइट, ई-मेल इत्यादि शामिल करना जरूरी हैं.ई-कॉमर्स फर्मों की जिम्मेदारी होगी कि वे सुनिश्चित करें कि? उनके स्तर पर किसी तरह के नकली उत्पादों की बिक्री न हो. अगर ऐसा होता है तो कंपनी पर दंड लग सकता है, क्योंकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर नकली उत्पादों की बिक्री के मामलो की शिकायतें मिलती रही हैं। कानून में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) नाम का केंद्रीय रेगुलेटर बनाने का प्रस्ताव है।यह उपभोक्ता के अधिकारों, अनुचित व्यापार व्यवहार, भ्रामक विज्ञापन और नकली उत्पादों की बिक्री से जुड़े मामलो को देखेगा और जरूरत पड़ने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है।


## धर्म क्या है?

धर्म के मुख्यत~ दो आयाम हैं। एक है संस्कृति, जिसका संबंध बाहर से है। दूसरा है अध्यात्म, जिसका संबंध भीतर से है। धर्म का तत्व भीतर है, मत बाहर है। तत्व और मत दोनों का जोड़ धर्म है। तत्व के आधार पर मत का निर्धारण हो, तो धर्म की सही दिशा होती है। मत के आधार पर तत्व का निर्धारण हो, तो बात कुरूप हो जाती है। एक संत आता है। भीतर की गुफा में जाकर धर्म के तत्व अध्यात्म को जानता है। फिर वह चला जाता है। फिर मत बचा रहता है। उसके आधार पर एक संस्कृति विकसित होती है। संस्कृति के फूल खिलते हैं। काल प्रम में संस्कृति मुख्य हो जाती है। अध्यात्म गौण हो जाता है। और फिर एक संत को, एक जीवित संत को इस धरती पर आना पड़ता है। फिर से अंगारे जलाने होते हैं। फिर से दीप जलाना होता है। जो दीप कभी जला था, उसके आधार पर जो गीत रह गए थे, वे पुराने पड़ जाते हैं। फिर से एक नया दीपक जलता है। नई रोशनी आती है। नया गीत फूटता है। नई नदी बहती है। सब कुछ नूतन हो जाता है। तो कहूँगा कि तुम जानो या न जानो, तुम सब धर्म के मार्ग पर ही हो। कोई व्यक्ति ऐसा नहीं हैं, जो धर्म के मार्ग पर नहीं है। यह और बात है कि उसे पता है, या नहीं पता है। लेकिन धर्म का तत्व क्या है? धर्म का उद्गम क्या है? कहाँ पहुँचना है हमें? गंतव्य कहाँ है? उस बात को बताने के लिए ही संत इस धरती पर आता है। स्वामी विवेकानंद जी भी आए। और ये याद दिलाने के लिए आता है संत कि तुम कौन हो? अमृतस्य पुत्रा?। तुम राम-कृष्ण की संतान हो। तुम कबीर और गुरुनानक की संतान हो। तुम बुद्ध और महावीर की संतान हो। तुम क्यों दीन-हीन और दरिद्र जैसा जीवन जी रहे हो? क्यों अशांत हो, क्यों दुःखी हो? अपना स्वरूप हम भूल गए हैं।

## आज का अहम सवाल - घुटने से फटी पैंट सही या हिजाब....?

**ओमप्रकाश मेहता**

अब पहली बार ऐसा लगने लगा है कि देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण अब दक्षिण राज्यों से आ रहा है, अभी तक इसके लिए हिन्दी और हिन्दू बाहुल्य उत्तरी राज्यों को दोषी ठहराया जाता रहा है। मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले हिजाब (बुरखा) को लेकर यह विवाद कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक टिप्पणी से शुरू हुआ, जिसमें कहा गया कि किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा हिजाब नही है, इसलिए सभी धर्म के छात्र-छात्राओं को स्कूल की यूनीफार्म पहनना जरूरी है। उच्च न्यायालय के इस फैसले से देश के एक धर्म विशेष के अनुयायियों में उबाल सा आ गया है और इस टिप्पणी के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का द्वार भी खटखटाया गया है। इस विवाद को लेकर मुख्यत~ तीन सवाल हवा में लहराये गए, पहला- क्या ईस्लाम में हिजाब पहनना आवश्यक बताया गया है। दूसरा- क्या स्कूल व कॉलेजों में यूनीफार्म पहनना जरूरी होने से मौलिक अधिकारों पर हमला हुआ है और तीसरा- कर्नाटक कोर्ट ने पांच फरवरी को जो फैसला सुनाया था संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन करता है? इन सवालों पर कोर्ट का जवाब था कि ईस्लाम में हिजाब पहनने को जरूरी नहीं बताया गया है और वह आवश्यक प्रथा नही है, दूसरे सवाल के जवाब में कोर्ट ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ÷डेसकोड÷ लागू करना गलत नही है और इस पर छात्र-छात्राएं अपनी नही कर सकते, तीसरे सवाल के जवाब में कोर्ट का कहना है कि सरकार के पास आदेश देने का अधिकार है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के इसी फैसले के खिलाफ चैन्नई से खिलाफत शुरू हुई और छात्राओं ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। यही नहीं छात्राओं ने इस फैसले के बाद राज्य के एक प्रमुख कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं ने हिजाब को अहमियत देते हुए परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। इस फैसले पर विवाद इतना बढ़ गया कि इस पर जम्मू-कश्मीर से चैन्नई तक बवाल खड़ा हो गया, कश्मीरी घुरविरोधी नेता मेहबूबा मुती और उमर अब्दुल्ला इस मसले पर एक साल खड़े नजर आए, वही वरिष्ठ मुस्लिम नेता असदुदीन औबेसी ने भी विरोधी स्वर अख्तियार किया



जबकि महिला मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की सदस्य ने कोर्ट को इस टिप्पणी को स्वागत योग्य माना, सुश्री शाहिस्ता अम्बर ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के नियम सभी के लिए बाध्यकारी है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यह भी आशंका व्यक्त की है कि इस हिजाब विवाद को कोई तो हवा दे रहा है? सामाजिक समरसता खत्म करने और अशांति पैदा करने की गरज से ऐसा किया जा रहा है।

इसी हिजाब विवाद के बीच एक अहम् सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आज तो कॉलेज स्कूल की लड़कियां घुटने से फटी पैंट पहन शिक्षण संस्थाओं में जाती है, यही नहीं अब तो इसे फैशन में शुमार कर लिया गया है, फिर ऐसे माहौल में हिजाब को लेकर इतना विवाद क्यों? वैसे भी हमारे संविधान में खाने-पहनने और अपने तरीके से जीवन बसर करने की पूरी स्वतंत्रता दे रखी है और फिर इसी स्वतंत्रता के तहत यदि कोई अपना सौन्दर्य सार्वजनिक नहीं करना चाहता है और हिजाब पहना जाता है तो फिर इस पर आपत्ती का सवाल ही कहां पैदा होता है, किंतु यदि आप किसी शिक्षण संस्थान के छात्र है और वहां अध्ययन जारी रखना चाहते है तो फिर उक्त शिक्षण संस्थान के नियमों का पालन तो करना ही पड़ेगा। क्योंकि ये शिक्षण संस्थाएं किसी धर्म विशेष की न होकर सरकार की होती है और सरकारी संस्थानों में धर्म सम्बंधी भेदभाव नहीं किया जाता। कर्नाटक हाई कोर्ट की भी अपने फैसले में यही भावना निहित है।

पर पता नहीं, आज-कल तो हर मामले में राजनीति का प्रवेश पहले होता है, इसी कारण से कहा जा रहा है कि- अब घट-घट में भगवान नहीं, बल्कि उनकी जगह राजनीति ने ले ली है÷। हिजाब काण्ड के साथ ही इस बात का दूसरा उदाहरण कश्मीर पर आई फिल्म ÷द कश्मीर फाईल्स है, जिसके रिलीज होते ही राजनीति शुरू हो गई, जिसके प्रथम सूत्रधार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रहे, उन्हें इस फिल्म को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को कोसने का मौका जो मिल गया, जबकि कश्मीरी पण्डितों का निर्दयतापूर्ण निष्कासन केन्द्र में आरूढ़ भाजपा सरकार के दौरान ही हुआ था, अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस कटु सत्य को भुला देना कहां तक उचित है?

# तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ,का ज्ञान कल्याणक

### सूडोकु नवताल- 6016

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**
**(21 मार्च )**

तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म आज से लगभग 2 हजार 9 सौ वर्ष पूर्व वाराणसी में हुआ था। वाराणसी में अश्वसेन नाम के इक्ष्वाकुवंशीय राजा थे। उनकी रानी वामा ने पौष कृष्ण् एकादशी के दिन महातेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसके शरीर पर सर्पचिह्न था। वामा देवी ने गर्भकाल में एक बार स्वप्न में एक सर्प देखा था, इसलिए पुत्र का नाम %पार्श्व% रखा गया। उनका प्रारंभिक जीवन राजकुमार के रूप में व्यतीत हुआ। एक दिन पार्श्व ने अपने महल से देखा कि पुरवासी पूजा की सामग्री लिये एक ओर जा रहे हैं। वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि एक तपस्वी जहाँ पंचाग्नि जला रहा है, और अग्नि में एक सर्प का जोड़ा मर रहा है, तब पार्श्व ने कहा– %दयाहीन% धर्म किसी काम का नहीं%।

**वैराग्य और दीक्षा**

तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने तीस वर्ष की आयु में घर त्याग दिया था और जैनेश्वरी दीक्षा ली थी और ब्रह्मचारी अविवाहित थे।

**केवल ज्ञान**

काशी में 83 दिन की कठोर तपस्या करने के बाद 84वें दिन उन्हें केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था। पुंढ़, ताम्रलिप्त आदि अनेक देशों में उन्होंने भ्रमण किया। ताम्रलिप्त में उनके शिष्य हुए। पार्श्वनाथ ने चतुर्विध संघ की स्थापना की, जिसमे मुनि, आर्यिका, श्रावक, श्राविका होते है और आज भी जैन समाज इसी स्वरुप में है। प्रत्येक गण एक गणधर के अन्तर्गत कार्य



करता था। सभी अनुयायियों, स्त्री हो या पुरुष सभी को समान माना जाता था। सारनाथ जैन-आगम ग्रंथों में सिंहपुर के नाम से प्रसिद्ध है। यहीं पर जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ जी ने जन्म लिया था और अपने अहिंसा धर्म का प्रचार-प्रसार किया था।

केवल ज्ञान के पश्चात तीर्थंकर पार्शवनाथ ने जैन धर्म के चार मुख्य व्रत - सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह की शिक्षा दी थी।

**निर्वाण**

अंत में अपना निर्वाणकाल समीप जानकर श्री सम्मेद शिखरजी (पारसनाथ की पहाड़ी जो झारखंड में है) पर चले गए जहाँ श्रावण शुक्ला सप्तमी को उन्हे मोक्ष की प्राप्ती हुई। भगवान पार्श्वनाथ की लोकव्यापकता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि आज भी सभी तीर्थंकरों की मूर्तियों और चिह्नों में पार्श्वनाथ का चिह्न सबसे ज्यादा है। आज भी पार्श्वनाथ की कई चमत्कारिक मूर्तियाँ देश भर में विराजित है। जिनकी गाथा आज भी पुराने लोग सुनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि महात्मा बुद्ध के अधिकांश पूर्वज भी पार्श्वनाथ धर्म के अनुयायी थे।.

**पूर्वजन्म**

जैन ग्रंथों में तीर्थंकर पार्श्वनाथ को नौ पूर्व जन्मों का वर्णन हैं। पहले जन्म में ब्राह्मण, दूसरे में हाथी, तीसरे में स्वर्ग के देवता, चौथे में राजा, पाँचवें में देव, छठवें जन्म में चक्रवर्ती सम्राट और सातवें जन्म में देवता, आठ में राजा और नौवें जन्म में राजा इंद्र (स्वर्ग) तत्पश्चात दसवें जन्म में उन्हें तीर्थंकर बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूर्व जन्मों के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलत~ वे तीर्थंकर बनें।

वंश इक्ष्वाकु,पिता राजा अश्वसेन माता रानी वामादेवी

पंचकल्याणक, जन्म पूर्व पौष कृष्णन एकादशी जन्म स्थान वाराणसी दीक्षा स्थान बनारस

मोक्ष श्रावण शुक्ला सप्तमी,मोक्ष स्थान सम्मेद शिखर

लक्षण रंग हरा चिन्ह सर्प,ऊंचाई 9 हाथ,आयु 100 वर्ष वृक्ष अशोक शासक देव यक्ष धरणेन्द्र

यक्षिणी पद्मावती

प्रथम गणधर श्री शुभदत्त गणधरों की संख्य श्वेतांबर परंपरा- 8, दिगंबर परंपरा- 10

कलि चैत चतुर्थी आई, प्रभु केवल ज्ञान उपाई 7

तब प्रभु उपदेश जु कीना, भवि जीवन को सुख दीना 77

ह्रीं चैत्रकृष्णाचतुर्थ्यां केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीपार्श्वअनिस्वाहा।

## बुरा मानकर भी कर क्या लोगे !

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

बुरा न मानो होली है कहकर, बुरा मानने लायक कई वारदातें हमारे आपके साथ घट गईं। होली हो ली। सबको अच्छी तरह समझ आ जाना चाहिये कि बुरा मानकर भी हम सिवाय अपने किसी का कुछ बिगाड़ नहीं सकते। बुरा तो लगता है जब धार्मिक स्थल राजनैतिक फतवे जारी करने के केंद्र बनते दिखते हैं। अच्छा नहीं लगता जब सप्ताह के दिन विशेष भरी दोपहर पूजा इबादत के लिये इकट्ठे हुये लोग राजनैतिक मंथन करते नजर आते हैं। बुरा लगता है जब सोशल मीडीया की ताकत का उपयोग भोली भीड़ को गुमराह करने में होता दिखता है। बुरा लगता है जब काले कपड़े में लड़कियों को गठरी बनाने की साजिश होती समझ आती है। बुरा लगता है जब भैंस के आगे बीन बजाते रहने पर भी भैंस खड़ी पगुराती ही रह जाती है। बुरा लगता है जब मंच से चीख चीख कर भीड़ को वास्तविकता समझाने की हर कोशिश परिणामों में बेकार हो जाती है। इसलिये राग गर्दभ में सुर से सुर मिलाने में ही भलाई है। यही लोकतंत्र है। जो राग गर्दभ में आलाप मिलायेंगे, ताल बैठायेंगे, भैया जी ! वे ही नवाजे जायेंगे। जो सही धुन बताने के लिये अपनी ढ़पली का अपना अलग राग बजाने की कोशिश करेंगे, भीड़ उन्हें दरकिनारे कर देगी। भीड़ के चेहरे रंगे पुते होते हैं। भीड़ के चेहरों के नाम नहीं होते। भीड़ जिससे भिड़ जाये उसका हारना तय है। लोकतंत्र में भीड़ के पास वोट होते हैं और वोट के बूते ही सत्ता होती है। सत्ता वही करती है जो भीड़ चाहती है। भीड़ सड़क जाम कर सकती है, भीड़ थियेटर में जयकारा लगा सकती है, भीड़ मारपीट, गाली गलौज, कुछ भी कर सकती है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री राशन और मुफ्तखोरी के लुभावने वादों से भीड़ खरीदना लोकतांत्रिक कला है। बेरोजगारी भत्ते, मातृत्व भत्ते, कुपोषण भत्ते, उम्रदराज होने पर वरिष्ठता भत्ते जैसे आकर्षक शब्दों के बैनरों से बनी योजनाओ से बिन मेहनत कमाई के जनोन्मुखी कार्यक्रम भीड़ को वोट बैंक बनाये रखते हैं। भीड़ बिकती समझ आती है पर बुरा मानकर भी कर क्या लोगे ! खरीदने बिकने के सिलसिले मन ही मन समझने के लिये होते हैं, बुरा भला मानने के लिये नहीं। खिलाड़ियो को नीलामी में बड़ी बड़ी कीमतों पर सरे आम खरीद कर, एक रंग की पोषाक की लीग टीमें बनाई जाती हैं। मैच होते हैं, भीड़ का काम बिके हुये खिलाड़ियों को चीयर करना होता है। चीयर गर्ल्स भीड़ का मनोरंजन करती हैं। भीड़ में शामिल हर चेहरा व्यवस्था की इकाई होता है। ये चेहरे सट्टा लगाते है, हार जीत होती है करोड़ो के वारे न्यारे होते हैं।

# वर्ल्ड हैप्पीनेस डे पर एसडीएम ने 6 परिवार को आवासीय भूखण्ड किए स्वीकृत

## आचार्य आनंद टीम की कोशिश रंग लाई



**अम्बाह।** वर्ल्ड हैप्पीनेस डे झोपड़पट्टी वासी आधा दर्जन परिवारों के लिए स्थाई खुशी का उपहार लेकर आया। जब आचार्य आनंद टीम द्वारा विगत वर्ष से जारी प्रयास फलीभूत हुए और इन परिवारों को आवासीय भूखण्ड स्वीकृति होने की सूचना दी गई। आज सुबह सवेरे वर्ल्ड हैप्पीनेस डे के अवसर पर अंबाह एसडीएम राजीव समाधिया ने आचार्य आनंद टीम को सूचना दी कि गत वर्ष से किए जा रहे उनके प्रयासों से चंबल कॉलोनी के पीछे खुले मैदान में रह रहे झोपड़पट्टी वासी 6 परिवारों को शासकीय भूखंड आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस पर आचार्य आनंद टीम के सदस्य डॉ सुधीर आचार्य, अरविन्द मावई, बिंदुसार सिंह तोमर, बालकृष्ण शर्मा, दुष्यंत सिंह तोमर, विश्वनाथ गुर्जर, महेंद्र सखवार एवं पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर के साथ मिष्ठान फल और स्वल्पाहार लेकर यह खुशखबरी देने झोपड़पट्टी वासियों के बीच पहुंचे और जैसे ही उन्हें आवासीय भूखंड स्वीकृत होने की सूचना दी तो सभी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर ने कहा कि पिछले अनेक महीनों से डॉ सुधीर आचार्य और उनकी टीम इस प्रयास में लगी थी, जिस पर से एसडीएम राजीव समाधिया ने विशेष संज्ञान लेकर यह कार्य प्राथमिकता से कराया है।

### इनको हुए भूखंड स्वीकृत

आचार्य आनंद टीम के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया और पटवारी शिवमोहन सिंह तोमर तत्परता से मोहरश्री, कुसुमा देवी, विजया देवी, पिंकी बाई, रजनी और गुड्डी देवी को आवास हेतु शासकीय भूखंड स्वीकृत किए गए हैं। समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि अगले चरण में 8 परिवारों के भूखंड स्वीकृत होने की प्रक्रिया जारी हैं और उन्हें भी अति शीघ्र भूखंड स्वीकृत होंगे।

### -इनका कहना है.........

डॉ सुधीर आचार्य और उनकी टीम ने इन परिवारों की ओर ध्यान आकर्षित किया था। हमने पटवारी शिवमोहन सिंह को सभी कागजी कार्यवाही पूर्ण करने और वस्तुस्थिति जानने को कहा, पात्र होते ही इन छः परिवारों को आवासीय भूखण्ड स्वीकृत कर आज वर्ल्ड हैप्पीनेस डे पर आचार्य आनंद टीम और पटवारी शिवमोहन द्वारा सूचना दी गई और मिठाई खिलाई गई। शेष बचे परिवारों को भी जल्द ही खुशखबरी दी जाएगी।

**राजीव समाधिया**
**एस डी एम, अम्बाह**

## स्वयं सेवकों मैं किया ऊर्जा का संचार, आयोजित हुआ कार्यक्रम

**मुरैना।** कोरोना की तीसरी लहर के बाद मुरैना नगर में स्वयं सेवकों को एकत्रित कर उनमें ऊर्जा का संचार करने की दृष्टि से नगर में संचालित शाखाओं को एक ही स्थान पर एसएएफ ग्राउंड



पर एकत्रित किया गया और मुरैना विभाग के शारीरिक शिक्षक प्रमुख सुदामा चंद द्वारा अपने उद्बोधन से उनमें ऊर्जा का संचार किया गया। विदित हो कि शहर की 20 बस्तियों में स्वयं सेवकों की शाखाएं संचालित हैं, इन सभी को एक ही स्थान पर एकत्रित किया गया, जिसमें 1 घंटे के नृत्य कार्यक्रम, सूर्य नमस्कार, आसन, समता, खेल, गीत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संघचालक विजय बांदिल, नगर संघचालक दाताराम मंगल एवं विभाग कार्यवाहक संजीव मिश्रा उपस्थित थे।

## अनुपयोगी सामग्री की नीलामी 31 मार्च को

**मुरैना।** शासकीय आई.टी.आई. मुरैना एबी रोड़ जडेरूआ में अनुपयोगी सामग्री की नील्रमी 31 मार्च को होगी। नील्रमी में पूर्णतः खराब बैटरी 66 नग, (शुष्क बैटरी 62 नग एवं लिक्विड बैटरी 4 नग) और पानी की टंकी 18 नग, (वाटरवेल 1000 ली 8 नग व 500 लीटर 10 नग) को बेचने के लिये इच्छुक क्रेता से 31 मार्च 2022 सायं 4 बजे तक कुटेशन प्राप्त किये जाना है। इच्छुक क्रेता संस्था में उपस्थित होकर सामग्री का मौका मुआयना कर रखी सामग्री की वास्तविक वस्तुस्थिति अनुसार कुटेशन प्रस्तुत करें।

## आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना में पंजीयन अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई

**मुरैना।** आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना में पंजीयन के लिए अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई। आत्मनिर्भर भारत योजना के प्रमुख बिंदूओं में ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पात्र स्थापनाओं के नए कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए प्रोत्साहन। नए कर्मचारी, जो 15 हजार रुपए से कम मासिक वेतन प्राप्त करते हैं, पंजीकरण की तिथि से 24 वेतन माह के लिए लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

# प्रदेश में 21 से 27 मार्च तक होंगी "स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा"


**मुरैना।** समुदाय के स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर भागीदारी एवं ''सुपोषित भारत'' के लक्ष्य को प्राप्त करने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 21 से 27 मार्च तक ''स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा'' के आयोजन किये जाएंगे। स्पर्धा का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के पोषण स्तर में सुधार लाना, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित मुद्दों के साथ बड़े पैमाने पर समुदाय का भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। साथ ही आँगनवाड़ी सेवाओं से छूटे क्षेत्र के 6 वर्ष तक की आयुवर्ग के बच्चों को भी अभियान में सम्मिलित कर समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों में बच्चों के पोषण के प्रति परिवार एवं समुदाय को जागरूक करना एवं स्वस्थ रहने के लिए परिवार एवं बच्चों में स्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।

संचालक महिला बाल विकास डॉ. रामराव भोंसले ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के सभी जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली स्पर्धा आँगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूल, विशेष कैम्प, स्वास्थ्य केन्द्र, घर आदि में की जाएगी। इसकी प्रविष्टि पोषण ट्रेकर एप के ऑनलाइन मॉड्यूल पर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित जन्म से 6 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को संभावित लक्ष्य के विरूद्ध श्रेष्ठ उपलब्धि वाले संभाग, जिले, परियोजना, सेक्टर और आँगनवाड़ी केन्द्रों का स्वस्थ बालिका स्पर्धा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर से भी पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ. भोंसले ने बताया कि ''स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा'' के आयोजन समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को और अधिक संवेदनशील बनाएंगे। इसका उद्देश्य माता-पिता और बच्चों में स्वस्थ रहने के लिये प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 57 प्रतिशत बच्चों को एकी.त बाल विकास सेवा का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस तरह के आयोजनों से शेष बच्चों को भी योजना में पंजीकृत होने और इसका लाभ प्राप्त करने के लिये प्रेरणा मिलेगी। संचालक डॉ. भोंसले ने कहा कि यह स्पर्धा बच्चों में कुपोषण और समय पर उपचारात्मक हस्तक्षेप के लिये नियमित निगरानी के महत्व को स्थापित करेगी। स्पर्धा में 0 से 6 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों की ऊँचाई, लंबाई और उम्र का डेटा संकलित करने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश एवं सभी जिलों से स्टंटिंग, वेस्टड और कम वजन के बच्चों का चिन्हांकन हो सकेगा। स्वस्थ्य बालक-बालिका स्पर्धा आज 21 मार्च से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। प्रथम 2 दिवस प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे के मध्य आँगनवाड़ी पर ही बच्चों का शारीरिक माप किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 23 से 27 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक केन्द्र स्तर पर बच्चों का शारीरिक माप किया जायेगा तथा टोले, मजरे, अनकवर्ड क्षेत्र के छूटे हुए बच्चों का आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा शारीरिक माप हितग्राही के घर जाकर लिया जायेगा। शहरी क्षेत्र जो आँगनवाड़ी केन्द्र के बाहर हैं, उनमें प्रत्येक कॉलोनी, हाउसिंग सोसायटी में घर-घर जाकर जन्म से 6 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चों का शारीरिक माप लिया जायेगा।

## रायसेन की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने दिया ज्ञापन



**मुरैना।** विश्व हिंदू परिषद ने रायसेन जिले के चैनपुर एवं खमरिया क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के हिंदू लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया है और मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हिंदू विरोधी गतिविधियों को संचालित करने वाले जघन्य अपराध करने वाले कुख्यात बदमाश, पेशेवर तस्करों के समूह द्वारा जघन्य हत्याकांड, प्राणघातक हमला एवं ट्रैक्टर से कुचलने की अमानवीय घटनाओं को अंजाम दिया है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई एवं 32 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उपरोक्त घटना होली के त्यौहार पर पूर्व नियोजित कृत दुष्परिणाम है, विश्व हिंदू परिषद ऐसे कृत्य की घोर निंदा करता है एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से यह मांग करता है कि उक्त घटना को जिस प्रकार से अपराधी लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए और बदमाशों के कब्जों को तोड़ा जाए तथा पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान करते हुए उनके हित की रक्षा की जाए। ज्ञापन देने वालों में विजय भारती, गिरीश शर्मा, ओमकार राजपूत, बंटी श्रीवास, विकास अग्रवाल, अशोक सिंह, जनक सिंह सोलंकी, आनंद गुप्ता आदि शामिल थे।



## फास्ट टैग लगाने के विवाद पर विकलांग युवक व उसके पिता को बेरहमी से पीटा

### - गुमटी में आरोपियों ने लगाई आग, 24 घंटे बाद भी पुलिस नहीं पहुंची मौके पर



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल टैक्स पर फास्ट टैग लगाने का कार्य करने वाले एक विकलांग युवक के साथ आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर दी तथा घर पर भी गाली गलौज किया। बचाने आए पिता को भी लाठियों से पीट डाला, जिससे उसके हाथ में फैक्चर हो गया। आरोपियों का गुस्सा तब भी शांत नहीं हुआ और उन्होंने विकलांग युवक की गुमटी में आग लगा दी, जिससे सामान् एवं रुपया जल गया। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची तथा पीड़ित न्याय के लिए भटक रहा है। पीड़ित रामनिवास सविता निवासी छोंदा टोल टैक्स ने बताया कि वह एवं उसका पुत्र विष्णु दोनों टोल पर गुमटी रखकर बीडी बंडल आदि बेचते हैं तथा विकलांग विष्णु गाड़ियों में फास्ट टैग लगाने का काम करता है, वहीं पर आरोपी विद्याराम कुशवाह व जितेंद्र कुशवाह एवं अन्य लोग भी फास्ट टैग लगाने का काम करते हैं। आरोपी चाहते हैं कि उनके अलावा कोई फास्ट टैग नहीं लगाएगा, इसके चलते पूर्व में भी विष्णु की मारपीट कर चुके हैं तथा गत शनिवार की दोपहर उक्त आरोपियों ने अपने अन्य परिजनों के साथ विष्णु की फिर से मारपीट कर डाली, जब पिता रामनिवास उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसकी भी लाठियों से मारपीट कर हाथ में फैक्चर कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने घर जाकर धमकी दी। घायल पिता-पुत्र जिला अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं, इसी दौरान शनिवार की देर शाम को आरोपियों ने उसकी गुमटी में भी आग लगा दी, जिससे दुकान में रखा खाने-पीने का सामान एवं रुपए भी जल गए।

## विश्व खुशहाली दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**पोरसा।** विश्व खुशहाली दिवस के अबसर पर श्री नागाजी मुक्तिधाम आनंद क्लब पोरसा द्वारा मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार विभिन्न प्रकार के खेलकूद, योग, व्यायाम इत्यादि का आयोजन किया गया। इसमें सैकडों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग रामकुमार सिंह तोमर के मार्गदर्शन में पोरसा कस्बे में डॉ अनिल कुमार गुप्ता ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छता अभियान 2022 की अध्यक्षता में एशिया बुक रिकॉर्ड में शामिल मुक्तिधाम पोरसा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें चम्मच रेस, दौड, बजन तोल, चेयर रेस में बच्चों ने हिस्सा लिया। चेयर रेस में प्रथम स्थान पर जानवी राठौर पुत्री रामदून राठौर को नगद 100 रुपए, द्वितीय स्थान पर सलोनी राठौर पुत्री रामदीन राठौर 50 रुपए नगद पुरस्कार व तृतीय स्थान पर इमरान खान पुत्र शमशेर खान रहे इनको भी 50 रुपए नगद कोषाध्यक्ष महेश पैगोरिया द्वारा भेंट किए गए। कार्यक्रम में अलबिदा खान, फजल खान, टप्पू राठौर, प्रिंस राठौर, तान्या, गोलू, मिस्टी, आरभ खान, मीनू राठौर ,खुशबू राठौर, परी प्रजापति, अनुष्का राठौर आदि ने भाग लिया। बच्चों में रैफरी हर्ष प्रजापति, प्रांशु प्रजापति



शामिल हुए। डॉ गुप्ता ने बताया कि हमारे जीवन में खुशहाली होना जरूरी है, चूंकि आजकल की भागदौड भरी जिंदगी में लोग अपने आप को समय नहीं दे पा रहे हैं। लोगो को छोटी-छोटी खुशियां को भी अच्छे से मनाना चाहिए, ताकि शरीर ऊर्जावान बन सके। इस अबसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव मुक्तिधाम सन्तोष प्रजापति, महेंद्र बाल्मीक सहित सैकडों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ और सभी बच्चों को टॉफी ओर बिस्किट देकर वितरित किए गए।

# राजपूत लोधी समाज के तत्वाधान में 5 हजार से ऊपर कार्यकर्ता एकत्रित हुए, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शहीद दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** राजेंद्र पार्क में श्रीराजपूत लोधी सेना के युवा एवम समस्त लोधी क्षत्रिय समाज लोग एकत्रित हुए और शहर में पैदल चलकर निकाला जुलूस टीकमगढ़

रविवार को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी रहे। अध्यक्षता दुष्यंत सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के पहले जिले की समाज राजेंद्र पार्क में एकत्रित हुए। वहां से पैद यात्रा निक ाली गई है।

रविवार की दोपहर राजेंद्र पार्क में खरगापुर विधायक पहुंचे। जहां लोधी समाज के सभी संगठन मौजूद रहे। समाज के युवा ध्वज को लेकर आगे चल रहे थे। डीजे के आगे और पीछे युवाओं के साथ युवतियां नृत्य कर रही थी। शहीदों की धुनों पर शहर में रैली निकाली गई। रैली में जगह-जगह विभिन्न संगठनों और समाज के लोगों द्वारा फूलों के साथ जलपान से स्वागत किया गया। कार्यक्रम पर पुलिस की निगरानी रही। आगे और पीछे पुलिस जवान और उनके वाहनों की कतार लगी थी।



कार्यक्रम के दौरान खरगापुर विधायक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने देश के स्वाभिमान के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। आज अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि है। हर साल 20 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में रानी अवंती बाई की पुण्यतिथि मनाई जाती है। बता दें रानी अवंतीबाई ने अपनी मातृभूमि पर ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वह देश की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। भारत की पवित्र भूमि ऐसे वीर-वीरांगनाओं की कहानियों से भरी पड़ी है। जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश के आजाद होने तक भिन्न भिन्न रूप में अपना अहम योगदान दिया। उसके बाद भी हमेशा से उन्हें नजरअंदाज किया है। देश में सरकारों या प्रमुख सामाजिक संगठनों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए लोगों के जो कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वो सिर्फ और सिर्फ कुछ प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के होते हैं। भारत की पूर्वाग्रही लेखनी ने देश के बहुत से त्यागी, बलिदानियों, शहीदों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा हूं। उसी दौरान उन्होंने वीरांगना की प्रतिमा पर टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी के साथ फूल मालाएं पहनाई। इसके साथ ही सुशीला राजपूत, सरोज राजपूत, एडवोकेट राजकुमार लोधी, ऊदल सिंह, मनोहर सिंह, जितेन्द्रसिंह राजपूत, अरवेंद्र सिंह, दीपक, धर्मसिंह, नृपत सिंह, सुरेंद्र सिंह के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रोहिणी वेलफेयर फाउण्डेशन ग्वालियर ने मनाई बच्चो के बीच मे जाकर होली



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**-रोहिणी वेलफेयर फाउण्डेशन के तत्वावधान में होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। चन्दबदनी नाका क्षेत्र में जाकर झोपड़ पट्टी वाले बच्चों के साथ खूब जमकर होली खेली व बच्चों को गुलाल, पिचकारी व रंगों के पैकेट बांटे गए। बच्चों के अभिभावकों से बात की उन्होंने कहा कि आज तक हमारे बच्चों के साथ इस प्रकार का कार्यक्रम किसी ने भी नहीं किया है हम आप सभी का धन्यवाद करते हैं होली कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों व बड़ों को को मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। जिसमे आकाश राठौर (अध्यक्ष),शिवम राठौर (कोषाध्यक्ष), विकास राठौर , विवेक बाथम , अर्पित , शुभम शाक्य, सूरज शाक्य, विशाल वैश्य, भरत अग्रवाल, अनुभव शर्मा, अमन राठौर, अनुराग सेंगर,सौरभ राठौर, कृष्णा राजपूत, गौरव शाक्य।

## दातुन या मंजन करने से हो सकता है आपकी उदासी या डिप्रेशन का इलाज : डॉ हेमंत कुमार जैन

**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** । दातुन या मंजन करना हर किसी को बचपन से सिखाया जाता है और यह भी बताया, जाता है कि इससे दांत मजबूत, मसूड़े सुंदर और मुंह की बदबू दूर होती है। यह सभी बातें बिल्कुल सही है किंतु एक बात जो बहुत ही जरूरी है वह यह जानना कि , जब आप मंजन करते हैं तो जीभ को जीभी की मदद से जरूर साफ करें , जिससे कि आपकी जीभ को नियंत्रित करने वाली नर्व्स यानी तंत्रिकाएं भी उत्तेजित होती हैं और एक खास तंत्रिका वेगस नर्व है जो पेलेटो ग्लॉसस मसल को सप्लाई करती है ,जिसे दिमाग की दसवीं तांत्रिका भी कहा जाता है ,वह उत्तेजित होती है और



जब यह तंत्रिका उत्तेजित होती है तब यह दिमाग के उस हिस्से को उत्तेजित करती है जो हमारी उदासी और डिप्रेशन को दूर कर सकता है। एक वैज्ञानिक तरीका जिसे वेगल नर्व स्टिमुलेशन कहते हैं , का उपयोग डिप्रेशन के मरीजों में किया जा रहा है । दांतून इसका सस्ता प्रतिरूप साबित हो सकता है । मीडिया से बात करते हुए डॉ हेमंत जैन ने कहा कि दिन में दो बार सुबह जागकर और सोते समय मंजन और जीभी से जीभ को साफ जरूर करना चाहिए , यह आपको तरोताजा और तनाव से दूर रखेगा

**लेखक**

**डॉ हेमंत कुमार जैन**

**मेडिकल कॉलेज दतिया में मेडिसिन के सहायक प्राध्यापक और सह अस्पताल अधीक्षक है**

## भाजपा जिला पदादिकरिओं का हुआ मौ में स्वागत

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ ।** शैलेंद्र सिंह गुर्जर जिला मंत्री जी का मंडल मौ में प्रथम नगर आगमन पर मौ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया एवं साथ में फरेंद सिकरवार जिला मंत्री रामू कुशवाहा देवलाल सिंह यादव जी रघुवीर पवैया श्याम बाबा लाखन सिंह यादव जी उदयवीर सिंह यादव जी प्रभाकर राजपूत जी हर नारायण कुशवाहा पूर्व मंडल अध्यक्ष पंचम जाटव जी जय सिंह कुशवाह जी बलवंत कुशवाहा जी रमेश पत्रकार मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वकील यादव रईस अंसारी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष महबूब खान पूर्व पार्षद बेताल गोड कार्यालय मंत्री सोमबीर शिवहरे रवि यादव आदित्य प्रताप सिंह चौहान जीतू कुशवाह कोमल यादव रवि यादव सलाम पुरा मीडिया प्रभारी अजय झा सोनू खान शुभम राठोर छत्रपाल जाटव राकेश कुशवाह मनोज प्रजापति एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बंधु ने स्वागत किया एवं शैलेंद्र सिंह गुर्जर जिला मंत्री जी ने मौ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भगवा गमछा एवं फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया।



## जुए के फड़ पर कोतवाली पुलिस की दबिश ?7700 रुपये सहित पांच जुवारी पकड़े

**संदीप प्रधान पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** होली के त्यौहार पर सतर्कता से ड्यूटी करते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा किला चौक तांगा स्टैंड के पीछे से पांच जुआरियो को रुपए पैसों से ताश पत्तों पर हार जीत का दाव लगाते हुए पकड़ा गया जिनके कब्जे से ?7700 बरामद किए गए




**इनकी हुई गिरफ्तारी:** शब्बीर खान निवासी ईदगाह मोहल्ला, राजेंद्र अग्रवाल निवासी छोटा बाजार ,अनिल साहू निवासी दांतरे की नरिया ,ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव निवासी नजिआई अभिषेक निवासी छोटा बाजार दतिया थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ,प्रधान आरक्षक चंदन सिंह ,आरक्षक राहुल बौद्ध, सोनपाल गोस्वामी ,पुष्पेंद्र शर्मा की कार्यवाही

## पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हँसिया एवं घटना के समय पहने गये रक्त रंजित कपड़े पुलिस द्वारा किये गये जप्त

**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** फरियादी द्वारा थाना रैपुरा में रिपोर्ट की गई कि मेरे 08 वर्षीय बेटे को मेरे चचेरे भाई ने हसिया से गर्दन में कई प्रहार करके हत्या कर दी है फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना रैपुरा में हत्या का अपराध क्रमांक 65/22 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त मामले की जानकारी थाना प्रभारी रैपुरा उनि घनश्याम मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रैपुरा उनि घनश्याम मिश्रा के



नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की जाकर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना के बाद से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20/03/2022 को मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेख किए गए जिसके द्वारा मृतक की हँसिया से गला रेत कर हत्या करना व हँसिया को खेत में छुपा देना बताया आरोपी की शर्ट पर मृतक के खून के धब्बे थे जिसे मौके पर ही जप्त किया जाकर आरोपी के बताए स्थान से अपराध में प्रयुक्त हँसिया जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि घनश्याम मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक रामफल शर्मा, डीपी कुशवाहा, एम एल कोल, जगदीश सिंह, आरक्षक 482 फेरन सिंह, बालमुकुंद पटेल, बच्चू सिंह, ध्रुव सिंह, विशाल हेलोत एवं चालक आरक्षक प्रमोद प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

# रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस ने मनाया लोकतंत्र सम्मान दिवस

### धन-बल की दम पर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है भाजपा मान सिंह कुशवाहा

**पंकज त्रिपाठी**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार ने खरीद फरोख्त करके न सिर्फ सरकार बनाई है,बल्कि मतदाता के वोट को उसकी एक अलग ही तस्वीर दिखाई है। वही पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा देकर लोकतंत्र को एक सम्मान दिया है उसी के तहत 20 मार्च को लोकतंत्र सम्मान दिवस मनाया गया जिसमें गोल मार्केट पर गांधी प्रतिमा से रेली प्रारंभ कर सब्जी मंडी में मौजूद संविधान रचयिता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौजूदा भाजपा सरकार के खिलाफ तिरंगा लेकर जमकर नारेबाजी की।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा कि यह सरकार खरीद फरोख्त करके अपनी अनैतिक मनसा रखकर सरकार को गिरा तो सकती है लेकिन जनता के निर्णय को नहीं बदल सकती आने वाले चुनाव में यह पूर्ण रूप से स्पष्ट हो जाएगा। भाजपा की सरकार में किस प्रकार एक आम नागरिक महंगाई से त्रस्त हो चुका है वही बेरोजगार नौजवान अपने आपको ठगा हुआ सा महसूस कर रहा है।

जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि कमलनाथ सरकार द्वारा 15 महा में किये गए कार्य और जनहित के निर्णयों ने शिवराज सरकार के 15 वर्षों के झूठ और भ्रम के शासन की पोल खोलकर रख दी थी।प्रदेश में शुरू हुए विकास के नए कीर्तिमानों ने बीजेपी की ध्यान भटकाव की राजनीति के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया था।बीजेपी नेताओं को समझ आने लगा कि कमलनाथ सरकार यदि 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करती है और उसके द्वारा शुरू किये कार्य पूर्ण होते हैं तो बीजेपी की भविष्य में वापसी की सभी संभावनाएं समाप्त हो जायेगी। इसीलिए भाजपा सरकार ने खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष डॉक्टर राधेश्याम शर्मा ममता मिश्रा ,रेखा भदौरिया, स्नेह लता जैन, संदीप मिश्रा ,राजवीर खन्ना बृजेंद्र सिंह कल्लू ,रॉकी तोमर समीर भदौरिया ,गुड्डू बाल्मीकि रामबरन सिंह ,रवि वर्मा हर नारायण शर्मा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव अशोक गुप्ता ,अरविंद सोनी डॉ श्याम सिंह विकास उर्फ विक्की खरिका नीरज त्रिपाठी राजवीर बघेल अजय जैन चंद्रभान सिंह राजावत आशुतोष शर्मा गोलू, जितेंद्र वर्मा जॉनी निगम , सुशील पचौरी सतीश कुशवाह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव नाथूराम नागर मनीष शिवहरे जबर सिंह कुशवाहा, धीरज आदि लोग मौजूद रहे।



## दबोह पहुंची उमा भारती,महामंत्री गुर्जर ने किया जोरदार स्वागत

**अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

**दबोह** भिण्ड-दतिया प्रवास पर रही पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती रविवार को दबोह होते हुए गुजरी।जिस दौरान उनका भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया।यहां बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के दबोह आगमन पर दबोह भाजपा मंडल के महामंत्री राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया।वहीं साथ मे मौजूद पूर्व विधायक रसाल सिंह का भी भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।यहां बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भिण्ड व दतिया दौरे पर थी जिस दौरान उनका काफिला दबोह होते हुए निकला और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।साथ ही यहां बताना मुनासिब होगा कि राव साहव गुर्जर मण्डल में दबोह के सक्रिय महामंत्री है जो आये दिन भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के सम्पर्क में हैं।स्वागत करने वालो में मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर के साथ कैलाश मढया,नारायण दास पाल,रविन्द्र चिकवा,जितेंद्र भास्कर,मनोज गुप्ता,जसमन्त दौहरे,सुशील गोस्वामी, जितेंद्र यादव,संजीव सोनी,धर्मेंद्र पाठक,कुलदीप यादव,राजा यादव,सुभाष यादव,रंजीत यादव,उपेंद्र मिश्रा,हरिश्चंद्र तिवारी,देवेंद्र राठौर,राजेन्द्र नाथ,अरविंद,जुम्मन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांठा प्रांत विजयनगर मंडल बेंगलूर में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो चीफ**

**बेंगलूर**-कांठा प्रांत विजयनगर मंडल बेंगलूरु के तत्वावधान में रविवार सुबह होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम आर.पी.सी.लेआउट स्थित चन्द्रशेखर आजाद वेदिके मैदान में आयोजित किया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि एम.किशनाप्पा रहे द्य उन्होने अपना संबोधन दिया तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दी द्य इस अवसर पर सुकन्दकट्टे गैर मंडल की ओर से राजस्थानी लोक कला संस्कृति को दक्षिण भारत में जीवंत करते हुए चंग की थाप पर फ़ागण गीत गा कर गोल घेरे में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गैर नृत्य किया द्य महिलालाओं एंव बच्चो ने खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया द्य विजेताओ को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर उधमी व समाजसेवी महेंद्र मुणोत, व्यवस्था समिती के ज्ञानचंद कटारिया,सुरेंद्र कुमार गुंदेचा,कमल डंक सहित बड़ी संख्या में संघ की महिलाएं व सदस्य उपस्थित रहे द्य मंच संचालन सुरेंद्र गुंदेचा,महावीर गुगलियां चेतन खिवेसरा ने किया

### भारत को स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारीः थापक



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** ग्वालियर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गोले के मंदिर मंदिर पर झुग्गी झोपड़ियों एवं सेवा बस्तियों में स्वच्छता अभियान नगर निगम ग्वालियर के माध्यम से चलाया गया। तथा मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी श्री देवेश थापक ने पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति जन समुदाय को संकल्प दिलाया। इसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता की उपयोगिता एवं गीला ,सूखा ,हरा कूड़े का महत्व समझाया गया। इसमें बच्चों, युवाओ एवं वृद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एवं स्वच्छता अभियान की नुक्कड़ नाटक की टीम के द्वारा उत्साहवर्धक प्रदर्शन किया गया।

### वीर शहीद महारानी अवंती बाई जी का बलिदान दिवस

पिछोर - आज दिनांक 20 मार्च 2022 को *ग्राम पंचायत लभेड़ा के रंगमंच पंचायत भवन पर मनाया गया जिसमें वीर शहीद महारानी अवंती बाई जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया जिसमें उपस्थित पंचायत सरपंच श्री ब्रगभान लोधी जी, श्री शिशुपाल लोधी जी (शिक्षक) एवं कोषाध्यक्ष आलोक संघ पिछोर ,श्री राकेश लोधी जी,श्री बलराम लोधी जी श्री करतार लोधी जी,श्री हरिशंकर लोधी जी (bachron bale), श्री अमोल लोधी जी,श्री शैलेन्द्र लोधी जी, श्री भरत लोधी जी,श्री शिवम लोधी जी, श्री सुरेश लोधी जी,एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जी ने मेहगांव विधानसभा के ग्राम दोनिया पुरा में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे भिंड से बृजपाल सिंह गुर्जर की रिपोर्ट**

**भिंड** जिले के मेहगांव विधानसभा मैं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जी पहुंचे 1857 की स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया उसके बाद उन्होंने एक सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने दारू पर हाथ उठाकर जनता से संकल्प लिया कि ना दारू पिएंगे ना पिलाएंगे जिस पर जनता झूम उठे और सब ने अपने हाथ उठाकर संकल्प लिया और उन्होंने कहा दारू हमारे जीवन को ही नष्ट करती बल्कि परिवार को भी नष्ट कर देती है और उन्होंने मंच से अपने जीवन के उस समय का जिक्र के बताया राजनीति मैं उस समय से हूं जब मेरी उम्र 30 साल की थी कुछ समय के लिए मैंने पार्टी से दूर रही हूं क्योंकि मैंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को बोल दिया था तो 5 साल के लिए मुझे आराम की जरूरत थी जिससे नई ऊर्जा के साथ मैं फिर से पार्टी में 2023 का चुनाव मैं लड़ूंगी अगर पार्टी चाहिए तो और उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा कहा कि देखो ममता बनर्जी के कार्यकर्ताओं ने कितना




उत्पात मचाया था भारतीय जनता पार्टी कभी भी ऐसा नहीं करती और पूर्व मुख्यमंत्री ने स्टेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमकर तारीफ की उन्होंने कहा जब तक मोदी जी हैं तब तक हमारा देश सुरक्षित है इसके पश्चात उन्होंने मीडिया से चर्चा की पत्रकार ने पूछा कि जो कश्मीर फायर पिक्चर बनी है वह कश्मीरी पंडितों को लेकर है उसमें एक मध्य प्रदेश के आई एस है इलियास खान ने कहा है की कश्मीरी पंडितों हिंदुओं के ऊपर फिल्म वनी मुस्लिमों पर कोई फिल्म क्यों नहीं बनी जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि बहुत सी फिल्में बनी हुई है और मुझे फिल्म देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि मैंने जम्मू कश्मीर मैं रह कर कश्मीरी पंडित का दुख दर्द देखा है मुस्लिमों की बहुत फिल्मबनी है जो मैंने खुद देखी हैं इतनी गलत तरीके से दिखाया गया है कि बोल भी नहीं सकते हैं तो यह फिल्म तो एक सच्ची घटना पर आधारित है सच्चाई को दिखाने में क्या हर्ज है और पत्रकार ने पूछा या आप मंच से दारू का संकल्प ले रहे थे क्या आपकी सरकार इस पर कोई रणनीति चलाएगी उन्होंने कहा वह सरकार का काम है मेरा नहीं मैं जनता को जागरूक करने का काम कर रही हूं उनके साथ में उपस्थित रहे सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया और मेहगांव विधानसभा से विधायक आवास विकास राज्यमंत्री ओ पी एस भदोरिया भिंड जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर मेहगांव विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह उर्फ रिंकू भदौरिया एवं पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे लाखों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा

## लोधी महासभा वारासिवनी ने मनाई विरांगना रानी अवंती बाई की पुण्य तिथि

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली महिला योद्धा विरांगना रानी अवंतीबाई की 164 वीं पुण्यतिथि लोधी महासभा वारासिवनी के द्वारा रानी अवंती स्टेडियम वारासिवनी में आयोजित कीया गया। उक्त कार्यक्र में सर्वप्रथम विरांगना रानी अवंती बाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन



अर्पित किया गया तदोपरांत पूजा अर्चना की गई साथ ही उपस्थित सभी जनसमूह के द्वारा अवंतीबाई के जीवन काल के व्रतांत का बखान किया गया। साथ ही रानी अवंती अमर रहे के नारे से पूरे स्टेडियम को गूंजायमान किया गया।

### इनकी रहीं गरिमामई उपस्थिति

लोधी महासभा ब्लॉक अध्यक्ष वारासिवनी मोतीराम नागपुरे , अजीत नगपुरे, विक्की पटेल, गुड्डू सोनी, अनिल पिपरेवार,केशरी नंदन नगपुरे, चिंतामन नगपुरे,रत्नलाला बिरनवार, थानसीह नगपुरे, आई डी. रंगिरे, मनिका नगपुरे, बेनिप्रशाद नगपुरे, गोशन उपवंशी, पी एल लिल्हारे, साहेबलाल लिल्हारे, धनीराम टकरेल, आर के लिल्हारे, अन्य साथी गण रानी अवंती बाई की 164 वी पुण्य तिथि में वारासिवनी रानी अवंति स्टेडियम में उपस्थित रहे।

## एएसआई विकास शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़ महासमुंद ब्रेकिंग - एएसआई विकास शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार घर के बाहर हो रहे विवाद में बीच बचाव करने बाहर निकला था एएसाई। वो झगड़ रहे युवकों को समझाते समय बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि,स्थ्ठ विकास शर्मा साइबर सेल में पदस्थ थे .एसपी विवेक शुक्ला ने यह जानकारी दी और बताया कि मृतक शर्मा के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। संदेहियों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है एएसआई की मौत की खबर सुन दोस्तों, परिजनों और स्थानीय निवासियों की अस्पताल में भारी भीड़ लग गई।

# रोजगार सहायक की अनुपस्थिति में ग्राम पंचायत बख्तरी के विकास कार्य ठप्प पडे

## रुचि खरे ग्राम पंचायत बख्तरी से लगभग 1 माह से अनुपस्थित

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** पन्ना विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बख्तरी रोजगार सहायक श्रीमती रुचि खरे एक माह से अनुपस्थित है जिससे ग्राम पंचायत के विकास कार्य रुके पड़े है। प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का डरना, परिवार की आईडी ना बनना, कॉम के राशि खाते में ना जाना जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता त्रस्त है।

रोजगार सहायक ने काम का निर्वाहन करने हेतु कुछ अनपढ़ किराए के टट्टू लगा रखे हैं जो मनमानी राशि दलाली भी वसूल रहे हैं। अनुपस्थिति मे ब्लॉक के भ्रष्ट अधिकारियों की जानकारी होने




के पश्चात भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिससे जनता में आक्रोश पैदा है जिसकी शिकायत ब्लॉक पन्ना मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की गई है। समय में अगर रोजगार सहायक घर सुनिश्चित रूप से कार्य का निर्वाहन नहीं किया जाता है जिससे इस वर्ष 56 आवास स्वीकृत हुए थे आवास की समस्त राशि तो मिल गई पर मजदूरी की किसी के 5000 किसी के 10,000 किसी के 15000 की राशि समय पर ना पढ़ने से किस्तों का लिप्स हो गया

## रोजगार सहायक की लापरवाही से प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों की मजदूरी की किसते हुई लिप्स

है हितग्राही दर-दर भटक रहे हैं किस्त प्राप्त करने के लिए जो लिप्स हो गई है अब हितग्राहियों को उक्त राशि मिलने वाली नहीं है जो एक जांच का विषय बनता है जांच कर हितग्राहियों को उनकी राशि दिलाई जाए। इसी तरह से मेड बधान में हजारो रुपयों का घपला रोजगार सहायक द्वारा किया गया है। दोषी रोजगार सहायक को लापरवाही का परसमेंट दिया जाए। अगर समय पर कार्यवाही नहीं की गई तो आम जनता कलेक्टर पन्ना को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि शीघ्र ही ग्राम पंचायत बखतरी को क्रियाशील रोजगार सहायक उपलब्ध कराया जाए जिससे आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण पंचायत मे हो सके।

# मुरैना ढोल नगाड़ों पर जमकर थिरके पुलिस कप्तान आशुतौष बागरी











- पुलिस की होली, पुलिस लाईन में खूब उड़ा, अबीर-गुलाल, डीजे की थाप पर जमकर नाचे वर्दी वाले
- पुलिस आरआई कृष्ण प्रताप के मुख से गाना सुनकर बोले सब ये कला आयी कहां से

**केशब पंडित जी पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना ।** शनिबार को शांतिप्रिय होली मनवाने के बाद वर्दीवालों ने शनिवार को जमकर पुलिस लाईन में होली खेली, पुलिस लाईन में पुलिस का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, इसमें , एसपी, एएसपी आरआई सहित सभी पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार होली के त्योहार के अगले दिन प्रत्येक जिले में पुलिस कर्मियों की होली होती है, शुक्रबार को आम लोगों की होली के सम्पन्न होने के बाद शनिवार को सुबह 9 बजे से ही पुलिस अधीक्षक के बंगले पर पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होने लगे और गुलाल लगाकर पुलिस कप्तान आसुतौष बागरी सहित पुलिस लाईन पहुचे, बिना देर किये रंगों में समा गये, और यंन्त्र फुब्बारे से सभी ने रंगो में रंग कर जमकर होली लुप्त उठाया सुबह 09 बजे पुलिस लाईन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में पुलिस कप्तान आसुतौष बागरी, अतिरिक्त पुलिस आरआई कृष्ण प्रताप सिह तोमर, सीएसपी अतुल सिह थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच व योगेन्द्र सिह जादौन शिबकुमार शर्मा शैलेन्द्र गोबिल रबिन्द्र सिह के साथ तमाम पुलिस अधिकारी ने गले मिलकर पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाऐं दी। पुलिस कप्तान व पुलिस आरआई ने बधाई देते हुये कहा कि होली आपसी सद्भाव बढ़ाने वाला त्योहार है। इस दौरान होली के रंगों में सब सराबोर नजर आये।

### फायर ब्रिगेड की बौछारों में शामिल हो गये पुलिस आरआई कृष्ण प्रताप तोमर

जैसे ही पुलिस लाईन में जिले के एसपी बागरी साहब पहुँचे तभी उनके स्वागत में खड़ी फायर ब्रिगेड के द्वारा बौछारों से आगुवानी की गई, उस बौछार में हर वर्दीवाला व कलमकार ऊपर से बजे रहे डीजे की धुन पर थिरकने को अपने आपको रोक नहीं पाये, जमकर गुलाल, अबीर पुलिस कप्तान ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के अलावा पत्रकारों को लगाकर होली की शुरूआत की, उसके बाद वर्दीवाले उस होली में ऐसे रम गये, कि पुलिस लाईन का वातावरण ही बदल गया, महिला पुलिस अधिकारियों ने भी जमकर खेली होली।

### ऐसी होली कभी नहीं खिली पुलिस लाईन में

ज्यादातर वर्दीवाले यही कहते नजर आये कि कोरोना महामारी के बाद यह होली हर्ष उल्लास के साथ मनी, कुछेक वर्दीवालों ने यहाँ तक कहा कि जिले में इस प्रकार की होली कभी नहीं मनाई गई, इस प्रकार के आयोजनों से पुलिस के जवानों के हौंसला अफजाई होने से उनमें ऊर्जा का संचार होता है।

## गरियाबंद जिले मे एक और तहसील की स्थापना होने जा रहा

### राज्य सरकार ने मैनपुर को विभाजीत कर एक नवीन विकास खंड गठन की स्वीकृति दे दी है




**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

छत्तीसगढ़ गरियाबंद जिला प्रशासन के द्वारा दिनांक 1 , 02 , 2022 को स्छरूमैनपुर ने नाम एक पत्र जारी कर ग्राम गोहरापदर का नक्शा ट्रेसिन्ग कर मंगवाया गया है अमलीपदर के नेता और गोहरापदर के नेता मुख्यालय के लिए लगा रहे थे लगातार जोर तहसील निर्माण क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित मांग थी भाजपा शासन ने भी इसकी मांग जोरो पर थी परन्तु इस मांग को भूपेश बघेल सरकार ने पूरा किया पिछले वर्ष घोषणा के बाद से ही मुख्यालय स्थापना को लेकर , अमलीपदर , गोहरापदर दोनो जगह के नेताओं के बीच में लगातार जोर आजमाइश शुरू हो गया था। इस में गोहरापदर क्षेत्र के कद्दावर नेता कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष तपेश्वर ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं , सरपंचों ने मुख्यालय गोहरापदर की मांग को लेकर ,, जिला मुख्यालय से राजधानी तक पहुंचकर मंत्रियों के समक्ष अपनी मांग रखी थी जिला प्रशासन से जारी पत्र से स्पष्ट हो गया है कि मुख्यालय गोहरापदर में ही बनने जा रहा है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-16 में सीसी रोड का किया भूमि पूजन






ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। हर क्षेत्र में स?क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ सेवायें सुचारू रूप से मुहैया कराने के लिये सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। श्री तोमर ने कहा कि जन मानस की हर सुख-सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रविवार को शहर के वार्ड-16 के अंतर्गत आनंद नगर गेट से आशा ब्रेड फैक्ट्री तक 17 लाख 62 हजार की लागत से बनने वाली सीसी रो? का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृद्धजन, महिलाओं और युवाओं को उपनगर ग्वालियर व हजीरा क्षेत्र में घूमने के लिए तिकोनिया पार्क, मनोरंजनालय पार्क और बडा पार्क को आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाया गया है। बिरला नगर प्रसुतिगृह 50 बेडेड अस्पताल बनने जा रहा है, साथ ही सिविल अस्पताल का कार्य पूर्ण होने से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अब आपको और कहीं जाना नहीं पड रहा है। संजीवनी क्लीनिकों पर निःशुल्क बेहतर इलाज मिल रहा है।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कोरोना काल के 31 अगस्त 2020 तक के 1 किलोवाट तक के बिजली के बिल माफ कर दिये हैं। इसके साथ ही गर्मी में बार बार विद्युत फॉल्ट न हो, इसके लिये नये सब स्टेशन बनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा पूर्व पार्षद श्री संतोष भारती, श्री सुरेन्द्र चौहान, श्री जगराम कुशवाह एवं श्री जगन्नाथ सिंह सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले की प्रस्फुटन समितियों ने गाँव-गाँव में मनाया खुशहाली दिवस



ग्वालियर। जिले के ग्रामीण अंचल में भी खुशहाली दिवस मनाया गया। इस कड़ी में भितरवार जनपद पंचायत के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने गाँव-गाँव में फाग राग का आयोजन कराया। साथ ही आदर्श ग्राम की परिकल्पना के लिए सामूहिक संकल्प, पौधों में पानी देकर, श्रमदान कर और पौधे वितरित कर बच्चों और बड़ो ने खुशहाली दिवस मनाया। विकासखण्ड भितरवार के जन अभियान परिषद समन्वय अधिकारी श्री मनोज दुबे ने बताया कि खुशहाली दिवस पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़की सराय, घरसौंधी, कीरतपुरा, लदवाया, छिरेटा, मैंना, निवी, भानगड़, चरखा, मसूदपुर, मेहगांव एवं दुबहा टांका सहित लगभग एक दर्जन ग्रामों की प्रस्फुटित समितियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर खुशहाली दिवस मनाया। इस आयोजन में जन अभियान परिषद से जुड़े सर्वश्री सूरजभान गुर्जर, बृजेन्द्र गुर्जर, कमलेश कुशवाह, कौशलेंद्र सेंगर, मुकेश बघेल, गिर्राज बघेल, नारायण सिंह कुशवाह, कोमल सिंह रावत, वीर सिंह रावत, बलवीर रावत, यतेन्द्र कुशवाह व धीरेन्द्र मौर्य इत्यादि ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने निकाली तरंगा यात्रा




ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज महाराज बाड़ा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजुम की तिरंगा यात्रा लोकतंत्र सम्मान दिवस कार्यक्रम यात्रा महाराज बाड़ा से प्रारभ हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई, फूलबाग स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जो को नमन करते हुए अंबेडकर पार्क पहुचीं जहां पर बाबा साहब को नमन करते हुए बाबा साहब की संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी का संदेश विडियो स्क्रीन पर प्रदर्शित किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ने तिरंगा यात्रा, लोकतंत्र सम्मान दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आप को भगवान राम का अनुयाई बताने वाली भाजपा ने खरीद फरोख्त करके मप्र की सत्ता हथियाई जबकि भगवान श्री राम ने सत्ता ठुकराई। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी ने बाबा साहब के संविधान के सम्मान लोकतंत्र की रक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तिफा देकर आजाद भारत में बाबा साहब के संविधान को गौरव प्रदान किया, कांग्रेस ने खरीद फरोख्त करके सरकार में रहना उचित नही समझा, भाजपा ने खरीदफरोख्त करके सत्ता हथियाई है और जनमत के निर्णय का अनादर किया है, लोकतंत्र का गला घोंटा है, भाजपा केवल सत्ता के लिए सविंधान को भी नष्ट करने पर तुली हुई है कांग्रेस लोकतंत्र के सम्मान के लिए बाबा साहब अंबेडकर के संविधान के लिए और मप्र की जनता के मान के लिए निरंतर खरीदफरोख्त करने वाली भाजपा के बेनकाब करती रहेगी।

### राष्ट्रव्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि अब 31 मार्च

ग्वालियर 20 मार्च 2022/ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्व्यापी मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता- ÷मेरा वोट मेरा भविष्य-एक वोट का महत्व÷ आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बड़ा दी गई है। पूर्व में इस प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 15 मार्च थी। प्रतियोगिता के तहत पांच श्रेणियों में प्रतियोगिता होगी। इसमें क्विड़ (प्रश्नोत्तरी), स्लोगन, लेखन, गायन, प्रतियोगिता, वीडियो बनाना और पोस्टर डिड़ाइन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी मिलेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि अब 31 मार्च है। प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://ecisveep.nic.in/ contest/ से प्राप्त की जा सकती है।

# आंख उसकी भर गई होगी, तुमसे जव वो बिछड़ रही होगी

### 'हास्य कवि सम्मेलन में श्रोताओं को कवियों ने खूब हंसाया'




ग्वालियर। शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जनउत्थान न्यास के तत्वाधान में आज अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन अग्रसेन महाराज चौराहा मुरार ग्वालियर में वरिष्ठ कॉग्रेस नेता नारायण पांडे मुख्यातिथि के रूप मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने की। मंचासीन अतिथियों का एवं कवियों का कार्यक्रम के सुत्रधार ग्वालियर पूर्व से विधायक एवं जनउत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ सतीश सिकरवार ने पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया।

हास्य कवि सम्मेलन में जाने माने हास्य कविवर डॉ. रजनी कान्त मिश्र मुम्बई, रामभदावर औज इटावा, रामबाबू सिकरवार हास्य कवि धौलपूर, श्रीमती विभा सिंह गीतकार वनारस, अरविन्द पोटा हास्य कवि सुमावली मुरैना, संजय पांडे ''भारत'' हास्य कवि ललितपुर उत्तरप्रदेश ने अपनी रचनाओं का काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब हंसाया। हास्य कवि के.के. पांडे ने कवि सम्मेलन का संचालन किया। खचाखच भरे कवि सम्मेलन स्थल पर तालियों की गढ़गढ़ाहट के वीच हास्य कवि गीतकार अभिनेता डॉ. रजनी कान्त मिश्र ने अपनी रचना पाठ करते हुये कहा ''ऑख उसकी भर गई होगी, तुमसे जव वो विछड़ रही होगी'', मुडके एक वार देख लेना उसे शायद वो भी देखती होगी। संचालन कर रहे कवि के.के पांडे ने भ्रष्टाचारियो पर तंज कसते हुये अपनी वात को कुछ यू रखा कि ''सांप कितना भी जहरीला क्यो न हो, भ्रष्टाचारियों की तरह आस्तीन का सांप नहीं होता। इस वात के साथ ही उन्होने हास्य कवि अरविन्द पोटा ''सुमावली'' मुरैना को रचना पाठ करने के लिये आमंत्रित किया। हास्य कवि पोटा ने अपनी रचना पडते हूये भक्त और प्रभू को समर्पित रचना को अपने अंदाज में पडते हूये कहा कि ''साधक और साधना दोनो ध्यान कुटी में चले गये, और वासना के वर्तन में भजन भक्त के तले गये। 'जिन हाथों से चरण प्रभू के धो-धो के नितपान किया, वे ही हाथ वता वेटी के आंचल पर क्यो चले गये।। कवि संजय पांडे ने अपनी रचना पाठ करते हूये कहा कि 'होली के इस गुलाबी मौसम में' उन्हे हमारे लिये सिर्फ इसलिये हमदर्दी आयी है, क्योकि उनके जी में मचलन है और अपने पास खटाई है।

इसके साथ ही 19 मार्च को तांगा स्टेंड नाका चंद्रबदनी पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सुनील समैया ''वीना'' जी-न्यूज लाफटर फेम, लता किरण ''वालाघाट'' श्रंगार, लक्ष्मण नेपाली ''भोपाल'' हास्य, नरेन्द्र अटल महेश्वर खरगोन वीर रस, राजकिशोर राज मुरैना गीतकार, डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला भिंड हास्य व्यंग्य, हेमंत शर्मा ग्वालियर औज ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा थे। अतिथियों और कवियों का स्वागत न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने किया।

कवि लक्ष्मण नेपाली ने अपनी रचना का पाठ करते हूये कहा कि जब-जब कागज पर लिखा, मैंने माँ का नाम, कलम अदब से कह उठी, हो गए चारों धाम। कवि नरेंद्र अटल ने अपनी रचना का पाठ करते हूये कहा कि वैभवशाली परम्परा का करना है गुणगान, वीरों का यशगान है यह वीरों का यशगान। कवि राज किशोर राज ने अपनी रचना का पाठ करते हूये कहा कि 'जन्म जिसने दिया उसको नमन हर बार करता हूं, जन्म भूमि को यारों में नमन कयी बार करता हूं। श्रीमती लता किरण जी जी ने अपने रचना का पाठ करते हुये कहा कि 'अनुभूतियो मे प्रीत की मोहक सुगंध हो, हृदय मे हर्ष और नयन मे उमंग हो। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शर्मा ने किया।

## स्वच्छता महा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता में सहभागिता करने वालों का किया गया सम्मान



ग्वालियर । निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने ग्वालियर के जीवाजी विश्वविधालय में आयोजित न्यूज चैनल न्यूज 24 का कार्यक्रम स्वच्छ्ता का महा संकल्प 2022 में हिस्सा लिया ,और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्तम योगदान देने वाले लोगो को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रधुम्न सिंह तोमर, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, नगरीय विकास राज्य मंत्री श्री ओ पी एस भदौरिया एवं मध्य प्रदेश बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल एवं न्यूज 24 के एडिटर इन चीफ संदीप भवँरकर के साथ ग्वालियर को साफ और स्वच्छ अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा स्वच्छता में सहभागिता करने वालों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि लोग अपने घर से ही गीला और सूखा कचरा अलग करके कचरा वाहनों को दो।,, इसके अलावा , घरो में ही कचरे से खाद बनाने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाकर जैविक खाद बनाएं जिनका प्रयोग अपने गमलों एवं गार्डन में करें। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि निगम द्वारा शहर की लगभग 100 किलोमीटर की सड़क डस्ट फ्री करने के लिए प्रयास किये




# दिगंबर जैन सोषल ग्रुप ग्वालियर का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ







### होली पंजाबी तड़क के सुपरहिट बॉलीवुड गाने पर मैम्बरो ने किया डांस, बुलट पर ली सेल्पी

### पंजाबी होला मोहल्ला थीम पर आयोजित किया गया

ग्वालियर-अरे जा रे हट नटखटना छू रे मेरा घूँघट पलट के दूँगी आज तुझे गाली रे....होली खेले रघुवीरा अवध में होखेले रघुवीरा अरे.....रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे....होली के दिन दिल खिल जाते हैं....जैसे महिला- पंजाबी सूट ओर पुरुष पंजाबी कुर्ता पजामा परिधान में कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद- संगीता सौगानी, प्रणव- आस्था पाटनी, शोभित- निशा पाटनी सुशांत- प्रीति गौधा, रवि-रागिनी जैन, विकास कविता पाटनी, अजय अंजू जैन ने सामूहिक होली के गीतो पर जमकर डॉस किया तो सभागार में तालियों गडगडहाट गूज उठी। होली मिलन पंजाबी होला मोहल्ला थीम पर हुआ। यह मौक था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर की ओर से आज रविवार को नई सड़क स्थित तेरहपंथी धर्मशाला में होली मिलन समारोह में रंगरंगा कार्यकम आयोजित किया गए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि सोशल गुप के संरक्षक विकास गंगवाल, अनिल शाह व निर्मल पाटनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष अकिंत पाटनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कु मानवी ने मंगचरण नृत्य प्रस्तुति दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478